हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 13 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 34.5 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

10 सफाई को लेकर होटल, मैरिज पैलेस, हॉस्टल...



11 आम जनता का जीवन स्तर उठाने काम कर रही...





## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बरामद तीन आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** सेमरिया स्थित पारधी डेरा के पास मुख्य मार्ग किनारे बरगद के पेड़ के नीचे अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम संतोष पारधी बताया। आरोपी के कब्जे से 30 पौवा देशी मसाला शराब बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। एक अन्य घटना में दो व्यक्तियों को पुलिस ने बाइक सीजी 07 सीजी-3276 में शराब का अवैध परिवहन करते पकड़ा। पूछताछ में उनकी पहचान हरिश बघेल एवं नीरज बेहरा के रूप में हुई। आरोपियों के कब्जे से 39 पौवा देशी मसाला शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल जब्त की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### मकान का शीट तोड़कर 90 हजार के जेवरात पार

**भिलाई।** मकान का शीट तोड़कर अज्ञात ने सोना चांदी के जेवरात व नगदी चोरी करने का मामला सामने आया है। जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड 18 आजाद चौक शिवपूरी जामुल निवासी त्रिवेणी साहू पति का उपचार कराने जुनवानी स्थित शंकराचार्य अस्पताल में आई थी। घर में बेटा रहता है प्रतिदिन की तरह 11 जुलाई की सुबह घर को ताला मारकर अपने काम पर निकल गया। देर शाम वापस घर लौटने पर छत में लगे सीमेंट का सीट टूटा पड़ा मिला। घर के भीतर से अज्ञात ने आलमारी का लाक एवं लाकर तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार कर फरार हो गया था। परिजनों ने आसपास सामानों की खोजबीन करने लगे नहीं मिलने पर सूचना जामुल पुलिस को दी गई। चोरी हुए सामानों की कीमत 90 हजार रुपए आंकी गई है।

# बारिश की बेरुखी से किसान चिंतित, इधर पारा सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग


जिले में मानसून की धीमी रफ्तार किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। पर्याप्त बारिश नहीं होने से धान की बोनी के बाद बीजों का अंकुरण प्रभावित हो रहा है। खेतों में नमी की कमी के कारण धान के बीज या तो ठीक से अंकुरित नहीं हो पा रहे हैं। दुर्ग जिले में कुल खरीफ फसल 147.920 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में ली गई है। 1.12 लाख किसानों ने इस बार सबसे ज्यादा 134.50 हजार हेक्टेयर में धान की फसल ली है। जिन किसानों ने नर्सरी सिस्टम से धान की खेती कर रहे हैं वे धान तभी लगा सकेंगे जब भरपूर पानी खेतों में हो। पिछले छह दिन से बारिश नहीं हो पाई है।

दुर्ग जिले में एक जून से अभी तक केवल 290.7 मिलीमीटर बारिश हुई है। धमधा, अहिवारा , पाटन और बोरी में सबसे कम बारिश हुई है। दुर्ग, भिलाई में ही अच्छी बारिश हुई है। किसानों का कहना है कि बारिश के भरोसे उन्होंने धान की बोनी कर दी थी, लेकिन इसके बाद अपेक्षित वर्षा नहीं होने से खेतों की मिट्टी सूखने लगी है। कई स्थानों पर बीज जमीन में पड़े हुए हैं और पर्याप्त नमी नहीं मिलने के कारण अंकुरण की प्रक्रिया धीमी पड़ गई है।

## रविवार को दिन में खिली धूप, शाम को छाए रहे हल्के बादल, आगामी दिनों में बारिश के आसार

### फिर रूठा मानसून, बारिश के नए सिस्टम का इंतजार

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून फिर से रूठ गया है। इसलिए बारिश के नए सिस्टम बनने का इंतजार किया जा रहा है। मौसम विभाग के इस अनुमान ने किसानों को चिंता में डाल दिया है। पूर्वानुमान है कि अगले 5 दिनों तक उत्तरी छत्तीसगढ़ में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम वर्षा जारी रहने की संभावना है। 13 जुलाई से वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है। लेकिन यह गतिविधि दुर्ग जिले क्षेत्र में होने की कम ही गुजाइंश है।



### बढ़ने लगा तापमान

बारिश नहीं होने की वजह से अधिकतम तापमान में हर दिन बढ़ोतरी हो रही है। रविवार को दुर्ग भिलाई का अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। जो सामान्य से 3.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इसी तरह न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सयस रहा जो सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान बढ़ सकता है।

### यह है मौसम का सिनोष्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक समुद्र तल पर मॉनसून द्रोणिका अब श्री गंगानगर, हिसार, मेरठ, शाहजहांपुर, गोरखपुर, मुजफ्फरपुर और वहां से दक्षिण-पूर्व की ओर दक्षिण असम तक जा रही है। उत्तर-पूर्व बिहार और उसके आस-पास के इलाकों में समुद्र तल से 3.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। पश्चिमी हवाओं में एक दोषिका लगभग 89ईस्ट देशांतर के साथ, 21 नार्थ अक्षांश के उत्तर में, समुद्र तल से 15 किलोमीटर की ऊंचाई तक फैली हुई है।

## जिला शिक्षा विभाग ने बिठाई जांच लेकिन कार्रवाई शून्य

# आरटीई प्रतिपूर्ति राशि और दाखिले में गड़बड़ी, शिकायत की जांच में लीपापोती

**भिलाई।** शिक्षा के अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों को दी जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि के भुगतान में अनियमितता और दाखिले में फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल हुआ। प्रतिपूर्ति राशि संबंधी शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में की गई। कलेक्टर ने जांच के निर्देश दिए। जिला शिक्षा विभाग ने जांच टीम बनाई। इसी तरह फर्जी दस्तावेजों से दाखिले का सिलसिला थम नहीं रहा है। कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर दाखिला लेने की शिकायत शिक्षा सचिव से की गई। इस मामले की जांच में भी लीपापोती कर दी गई।

### इस तरह केस से समझिए जांच में कार्रवाई शून्य

**केस 1** आरटीई क्रमांक -2025-00814948 के संबंध में संदेहास्पद एवं कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर प्रवेश प्राप्त किए जाने की शिकायत है। संबंधित बालक के पिता द्वारा भिलाई नगर पालिका निगम जो कार्यालय से जारी गरीबी रेखा प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया, जो आवक क्रमांक 6078/2025 दिनांक 10.02.2025 के आधार पर जारी होना बताया गया है। उक्त प्रमाण पत्र में पिता का नाम दूसरा उल्लेखित है और परिवार पात्रता प्रमाण संख्या 2308 अंकित है। इसके अतिरिक्त संबंधित पालक द्वारा एक अन्य गरीबी रेखा सत्यापन प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें पिता का नाम एवं निवास संबंधी विवरण पूर्व प्रस्तुत दस्तावेज से भिन्न है। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि उक्त प्रमाण पत्र को स्वयं भिलाई नगर पालिका निगम द्वारा शून्य घोषित करते हुए फर्जी माना जा चुका है।

**केस 2** दुर्ग स्थित निजी विद्यालय यू डाईस कोड नंबर 22100601903 में शिक्षा सत्र 2024-25 के दौरान आरटीई के तहत निर्धारित 25 प्रतिशत सीटों से अधिक विद्यार्थियों को दर्ज कर प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान किया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार शिकायत के अनुसार विद्यालय के यू-डाइस पोर्टल में कुल 47 विद्यार्थियों का पंजीयन दर्ज है। नियमों के अनुसार इस संख्या का 25 प्रतिशत लगभग 11 विद्यार्थियों के बराबर होता है, जबकि विद्यालय में 33 आरटीई विद्यार्थियों को दर्शाकर प्रतिपूर्ति राशि स्वीकृत कर दी गई। शिकायतकर्ता ने इसे नियमों के विपरीत बताते हुए शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने का आरोप लगाया है। 33 विद्यार्थियों की प्रतिपूर्ति राशि के रूप में लगभग 1.22 लाख रुपये के भुगतान की स्वीकृति दी गई, जबकि नियमानुसार केवल 11 विद्यार्थियों की राशि स्वीकृत की जानी चाहिए थी।




### हाईकोर्ट के आदेश के बाद हुआ था 23 बच्चों का दाखिला निरस्त

आरटीई में फर्जी दस्तावेजों से दाखिला लेने की शिकायत स्थानीय स्तर पर की गई थी लेकिन यहां भी जिला शिक्षा विभाग ने जांच में दिलचस्पी नहीं दिखाई। जांच टीम बनाई लेकिन वह भी ऐसे लोगों को बचाने में जुट गई। आखिरकार इस मामले में जनहित याचिका हाईकोर्ट में लगाई गई। हाईकोर्ट ने 23 बच्चों का दाखिला फर्जी दस्तावेजों के आधार पर होना पाया और दाखिल निरस्त किए। इन बच्चों के पालकों ने शिक्षा माफिया से सांठगांठ कर भिलाई निगम के फर्जी सील और लेटरपेड बनाकर बच्चों का दाखिला करवा लिया था। इस मामले में भी भिलाई निगम ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज नहीं करवाया है। जिला शिक्षा विभाग ने हाईकोर्ट के आदेश पर मजबूर होकर दाखिला निरस्त किया है।

### जांच प्रतिवेदन में प्रस्तुत दस्तावेजों की अनदेखी

आरटीई क्रमांक -2025-00814948 की कलेक्टर से शिकायत के बाद आवेदन का निराकरण वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी द्वारा पत्र क्रमांक 138/आरटीई/2026 दिनांक 18.03.2026 के माध्यम से किया गया, जिसमें बिना समुचित परीक्षण एवं तथ्यात्मक जांच के संबंधित आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों को सही मान लिया गया। शिकायतकर्ता सीवी भगवंत राव का आरोप है कि जांच प्रतिवेदन न केवल अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण है, बल्कि प्रस्तुत दस्तावेजों एवं उपलब्ध तथ्यों की अनदेखी करते हुए तैयार किया गया। इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की जांच टीम द्वारा 18 सितंबर 2025 को विद्यालय का निरीक्षण किए जाने का भी उल्लेख किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्वयं जांच न कर नोडल प्राचार्यों द्वारा सत्यापन करने का हवाला देकर लीपापोती का प्रयास किया है। उन्होने निजी विद्यालय के विरुद्ध विस्तृत जांच कराए जाने तथा अतिरिक्त भुगतान को संबंधित राशि को शासन के कोष में वापस जमा कराने के निर्देश देने की मांग की गई है।

# युवक के सिर को पत्थर से कुचला फिर लाठी से मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- आरोपी गिरफ्त से बाहर
- हाल ही में जेल से छूटकर आया था

पुरानी रंजिश के चलते कुंदरापारा दुर्ग में थाने के गुंडा बदमाश लेखराम कोठारी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंची और शव को मरचूरी भेजा। घटना को अंजाम देने वाला भी बदमाश किस्म का युवक है। घटना में तीन से अधिक युवकों ने लेखराम को घेरकर पीट पीटकर मार डाला।

पद्नाभपुर थाना पुलिस के मुताबिक मृतक को पुलिस ने पहले धारा 151 के तहत गिरप्तार किया था, जिसे बाद में जेल गया था। वापस लौटकर आने पर लेखराम की हत्या कर दी गई। लेखराम को युवकों ने लाठी, ईंट और लाठी से हमला किया। आरोपी युवकों ने मृतक के सिर को पहले पत्थर मारकर कुचलने के बाद लाठी से बेदम पिटाई की। मामले पुलिस ने कुछ संदेही युवकों को पकड़कर पूछताछ कर रही है। सोमवार को पुलिस इसका खुलासा कर सकती है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि हत्या हुई है, आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में फिर दुर्घटना कर्मी की करंट लगने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में दुर्घटना का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज रविवार को फिर एक संयंत्र कर्मचारी की मौत हो गई।

भिला इस्पात संयंत्र में इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस के दौरान करंट लगने से संयंत्र कर्मी विनोद कुमार जेईए, यूआरएम, पीएल नं. 405280, आयु 36 वर्ष कार्यस्थल हॉट सॉ-3, एबी बे क्रेन-407 के मेंटेनेंस के दौरान करंट लगने से घायल हो गए। तत्काल उन्हें शाम 4:53 बजे मेंन मेडिकल पोस्ट 1 लाया गया। यहां चिकित्सकों द्वारा मृत (ब्रेन डेड) घोषित किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने दुर्घटना की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है । जांच के बाद ही इस बात का खुलासा हो पाएगा की हादसा कैसे हुआ। फिलहाल घटनास्थल पर बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचकर वस्तुस्थिति से अवगत हो रहे हैं। गौरतलब हो कि तीन दिन पूर्व भी एक ठेका ओवरब्रिज क्रेन आपरेटर की ऊपर से केबिन गिरने से घायल हो गया था। यूनियनों ने प्रबंधन से सेफ्टी पर अधिक सजग होने के साथ ड्यूटी के दौरान करंट लगने से मृत कर्मचारी के आश्रित परिवार के लिए निर्धारित सामाजिक सुरक्षा आदि लाभ की प्रक्रिया शुरु किए जाने की मांग की है।

# घर से बिना बताए निकले दो नाबालिग पहुंचे डोंगरगढ़, पुलिस ने सकुशल परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सुपेला थाना अंतर्गत निवास करने वाले दो नाबालिग बच्चे बिना किसी को बताए घर से निकल गए। देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। सूचना प्राप्त होने पर थाना सुपेला पुलिस द्वारा तत्काल गुमशुदगी संबंधी आवश्यक कार्रवाई करते हुए बच्चों की तलाश प्रारंभ की।

तलाश के दौरान आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया, जिसके आधार पर दोनों बच्चों के डोंगरगढ़ क्षेत्र में होने की जानकारी प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना पर थाना सुपेला पुलिस एवं एसीसीयू दुर्ग की संयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए डोंगरगढ़ पहुंचकर दोनों नाबालिग बच्चों को सकुशल बरामद किया गया। आवश्यक पूछताछ एवं वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात दोनों बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। दोनों नाबालिग में एक की उम्र 14 और दूसरी की साढ़े 13 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने घटना के बाद सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नियमित ध्यान रखें। किसी भी बच्चे के घर से लापता होने अथवा संदिग्ध परिस्थिति की जानकारी तत्काल निकटतम पुलिस थाना या डायल 112 पर दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर बच्चों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जा सके।

# स्मृतिनगर में गांजे की अवैध बिक्री, जेल भेजे गए आरोपी

**भिलाई।** स्मृतिनगर पुलिस चौकी अंतर्गत डी मार्ट के पीछे से गांजे के साथ पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 3 किलो 140 ग्राम मादक पदार्थ गांजा, एक बिना नंबर की स्कूटी तथा दो मोबाइल फोन जब्त किया गया। आरोपियों में उरला निवासी पुष्कर जंघेल उम्र 18, ग्रीन चौक दुर्ग निवासी धीरज कुमार साहू उर्फ भविष्य साहू उम्र 18 वर्ष शामिल हैं। दोनों के विरुद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि दुर्ग पुलिस द्वारा संचालित विशेष अभियान एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अंतर्गत जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन एवं तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को चौकी स्मृति नगर पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक डी-मार्ट के पीछे स्मृति नगर में अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसीसीयू एवं चौकी स्मृति नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल योजनाबद्ध घेराबंदी की गई। मौके पर संदेहास्पद दो युवकों को रोककर वैधानिक प्रक्रिया के तहत पूछताछ एवं तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से एक थैले में रखे 03 किलो 140 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, एक बिना नंबर की स्कूटी तथा दो मोबाइल फोन बरामद हुए। सभी मशरूका को स्वतंत्र गवाहों के समक्ष विधिवत जब्त किया गया।



### कापसी में गांजे के साथ महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत रविवार को मुखबिर से सूचना पर कापसी निवासी संगीता सोनवानी को उसके घर से गिरफ्तार किया। उसके पास से अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा को छोटी-छोटी पुड़िया जब्त की गई। थाना अमलेश्वर एवं एसीसीयू दुर्ग की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। आरोपी संगीता के पास से एक सफेद प्लास्टिक थैले में रखा 1.023 किलोग्राम हरी पत्तेदार एवं बीजयुक्त गांजा तथा बिक्री हेतु तैयार 10 पैकेट मादक पदार्थ एवं बिक्री से 2,900 रुपए नगद जब्त किया गया। जब्त सामग्री का कुल कीमत 52,900 आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

## पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने ली बैठक

# स्थाई वारंटियों को पकड़ने पुलिस चलाएगी विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम रविवार को दुर्ग जिले के प्रवास पर रहे। उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में दुर्ग रेंज के अंतर्गत दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिलों के राजपत्रित अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने कानून-व्यवस्था की वर्तमान स्थिति, अपराध नियंत्रण की रणनीति, विवेचना की गुणवत्ता, तकनीक आधारित पुलिसिंग तथा आगामी कार्ययोजना की समग्र समीक्षा की। इस दौरान निगरानीशुदा, फरार आरोपियों और स्थाई वारंटियों के बारे में जानकारी ली। साथ ही फरार और स्थाई वारंटियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान दुर्ग के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दुर्ग पुलिस की विगत एक वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी। प्रस्तुतीकरण में गंभीर एवं संपत्ति संबंधी अपराधों के निराकरण, साइबर अपराधों की रोकथाम, मादक पदार्थों के विरुद्ध संचालित विशेष अभियान, अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई, सामुदायिक पुलिसिंग, महिला एवं बाल सुरक्षा, सड़क सुरक्षा जागरुकता, आधुनिक तकनीक के उपयोग, पुलिस रिस्पांस सिस्टम की कार्यप्रणाली तथा जनविश्वास बढ़ाने हेतु किए गए विभिन्न नवाचारों की जानकारी प्रस्तुत की गई।



### जांच में आधुनिक तकनीकों का उपयोग जरूरी

बैठक के दौरान पुलिस महानिदेशक ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक अपराध की विवेचना वैज्ञानिक एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से की जाए, गंभीर अपराधों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो तथा लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए। उन्होंने रोजनामचा का नियमित अध्ययन, अपराध प्रवृत्तियों का विश्लेषण, संवेदनशील क्षेत्रों की सतत निगरानी तथा कानून-व्यवस्था की निरंतर समीक्षा पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्रवाई करते हुए फरार आरोपियों एवं स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान संचालित किए जाएं। महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों एवं कमजोर वर्गों से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई एवं पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया जाए।

### मानसिक स्थिति बेहतर रखने प्रशिक्षण जरूरी

पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक कल्याण, तनाव प्रबंधन, नियमित प्रशिक्षण, अनुशासन तथा टीमवर्क को भी प्रभावी पुलिसिंग का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए इस दिशा में निरंतर प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता के प्रति विनम्र, संवेदनशील, पारदर्शी एवं उत्तरदायी व्यवहार पुलिस की सबसे बड़ी पहचान है तथा प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी को इसी भावना के साथ कार्य करना चाहिए। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) का अवलोकन किया। इस दौरान उन्हें शहर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, ऑटोमेटेड ट्रैफिक मॉनिटरिंग, डिजिटल प्रवर्तन प्रणाली की जानकारी दी गई।



**खबर संक्षेप**

### नियमितीकरण के 1361 प्रकरणों का निराकरण

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) अधिनियम 2022 एवं 2024 के तहत जिला नियमितीकरण समिति की बैठक कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के समक्ष कुल 1372 प्रकरण प्रस्तुत किए गए। बैठक में सर्वसम्मति से 1361 प्रकरणों का मान्य एवं अमान्य के रूप में निराकरण किया गया। इनमें नगर पालिक निगम भिलाई के 902 आवासीय एवं 108 गैर-आवासीय, कुल 1010 प्रकरणों का निराकरण किया गया। वहीं, 11 प्रकरणों में स्पष्ट अनुशंसा एवं अभिमत प्राप्त करने के लिए उन्हें नगर पालिक निगम भिलाई को वापस भेजने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा नगर पालिक निगम दुर्ग के 351 प्रकरणों का भी समिति द्वारा निराकरण किया गया। इस प्रकार दोनों नगरीय निकायों के कुल 1361 प्रकरणों का निराकरण करते हुए संबंधित मामलों में आवश्यक निर्णय लिए गए।

### जुलाई के अंतिम हफ्ते में राज्य स्तरीय रोजगार मेला

**दुर्ग।** रोजगार विभाग, छग शासन के द्वारा माह जुलाई के अंतिम सप्ताह में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन रायपुर में किया जाना प्रस्तावित है। इस मेले हेतु निजी क्षेत्र के नियोजक जो अपने संस्थान में रिक्त पदों को इस रोजगार मेला के माध्यम से भरना चाहते हैं, वे 15 जुलाई के पूर्व रिक्त पदों की जानकारी जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग को प्रेषित करेंगे। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन दुर्ग के उपसंचालक से प्राप्त जानकारी अनुसार छग रोजगार विभाग के ई-रोजगार पोर्टल के माध्यम से रिक्तियाँ प्रेषित करने के लिए नियोजकों का पोर्टल पर रोजगार मेला हेतु नियोक्त पंजीयन कराना अनिवार्य होगा, जिसके लिए नियोक्ता का जीएसटी क्रमांक एवं डॉक्यूमेंट अपलोड करना आवश्यक होगा। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में संपर्क कर सकते हैं।

# अल नीनो को लेकर कृषि विभाग अलर्ट, किसानों के लिए जारी हुई एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

बारिश के आगमन के बाद भी जिले में बारिश की बेरूखी जारी है। इस वर्ष अल-नीनो के चलते मानसून में देरी, खंड वर्षा और सीजन के जल्दी समाप्त होने की गंभीर आशंका बनी हुई है। इस संभावित संकट से निपटने और किसानों की आजीविका को सुरक्षित रखने के लिए कृषि विभाग द्वारा एक विशेष आकस्मिक कार्ययोजना तैयार की गई है। इस कार्ययोजना का मुख्य उद्देश्य जोखिम को कम करने के लिए फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना, कम पानी वाली फसलों का चयन, जल संरक्षण और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से सीमित संसाधनों में भी बेहतर उत्पादन सुनिश्चित करना है। उप संचालक कृषि संदीप भोई ने बताया कि कार्ययोजना अनुसार किसान भाई मौसम की अनिश्चितता से बचने के लिए कम पानी और कम अवधि में तैयार होने वाली धान की उन्नत किस्मों को अपनाएं। इसके साथ ही टिकरा और भर्री जैसी ऊंची तथा ढलान वाली भूमियों पर जल संरक्षण और समयबद्ध बुआई सुनिश्चित करने के लिए कतारबद्ध सीधी बुआई यानी डीएसआर पद्धति को अपनाएं।

## फसलों में विविधता से निपटा जा सकता है इस समस्या से, कृषि विस्तार अधिकारी से लें सलाह

### फसलों में विविधता से बनी रहती है मिट्टी की उपजाऊ क्षमता

जोखिम को कम करने के लिए किसी एक फसल (जैसे धान) पर पूरी तरह निर्भर न रहें फसल विविधिकारण अपनाएं। धान के बदले कम पानी में होने वाली दलहनी फसल जैसे अरहर, मूंग एवं उड़द तथा तिलहनी फसल जैसे तिल, सोयाबीन, मूंगफली को प्राथमिकता देवें। फसलों की सुरक्षा के साथ-साथ खेतों की मिट्टी में नमी को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए भूमि आच्छादन (मलचिंग) तकनीक अपनाये जिसके तहत फसल बोने से पहले और कटाई के बाद खेतों को ऊँचा अथवा दलहनी फसलों से ढका जाएगा ताकि वाष्पीकरण कम हो।



### समस्या होने पर लें मार्गदर्शन

जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए खेतों में मेड़बंदी (फील्ड बंडिंग) को मजबूत करने और वर्षा जल संवर्धन के स्थानीय पारंपरिक उपायों को पुनर्जीवित करें। आपदा की स्थिति में आर्थिक क्षति से बचाव हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कृषक अपना पंजीयन अवश्य करावें। खेती के दौरान कोई भी समस्या या तकनीकी कठिनाई आती है, तो किसान बिना देरी किए अपने क्षेत्र के कृषि विभाग के अधिकारियों से तुरंत संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा पंचायत स्तर पर लगातार कृषि विस्तार अधिकारी दौरा कर रहे हैं। किसान यदि चाहें तो उनसे भी उचित परामर्श ले सकते हैं।

### सफाई कर्मियों को बांटे जा रहे सुरक्षा किट, वार्डों में किया जा रहा जागरूक

# सफाई को लेकर होटल, मैरिज पैलेस, हॉस्टल व कॉलोनियों का सीटीसीबी में पंजीयन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग के 60 वार्डों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट-2026 लागू हो चुका है। इसके अंतर्गत सफाई को लेकर नए पैरामीटर तय किए गए हैं। इसके तहत सफाई भी शुरू की जा रही है। इस बार सफाई के लिए होटल, मैरिज पैलेस, हॉस्टल एवं आवासीय कॉलोनियों को पहले से केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। इसके क्रियान्वयन के लिए निगम का सफाई अमला काम भी शुरू कर चुका है। शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं कचरा-मुक्त बनाने की दिशा में यह पहल की गई है। इसके लिए बल्क वेस्ट जनरेटरों की बैठक आयोजित कर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के तहत सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। सभी संबंधित संस्थानों को तत्काल पंजीयन कराने कहा गया है। ऐसा नहीं करने वाली संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की तैयारी भी की गई है। अधिकारियों के मुताबिक प्रत्येक संस्था अपने परिसर में उत्पन्न होने वाले कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं उचित निस्तारण के लिए स्वयं जिम्मेदार होगी। नियमों की अनदेखी करने पर जुर्माना, लाइसेंस निलंबन सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।

## सफाई के लिए कामगारों को सुरक्षा उपकरण का किया जा रहा वितरण



### सफाई कामगारों को बांटे जा रहे सुरक्षा किट

नए अभियान के अंतर्गत सफाई कामगारों को सुरक्षा किट का वितरण भी किया जा रहा है। इसके लिए नमस्ते योजना शुरू की गई है। स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मियों को निःशुल्क नमस्ते किट प्रदान किया जा रहा है। किट में सफाई कर्मियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेलमेट, दस्ताने, मास्क, एप्रन, बरसाती सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। स्वच्छता को एक आंदोलन का रूप देने की तैयारी की जा रही है। उन्हें सफाई को लेकर निर्धारित नई गाइडलाइन से भी अवगत कराया जा रहा है। साथ ही सफाई को लेकर लोगों का जागरूक करने कहा जा रहा है। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग सफाई के इस अभियान से जुड़ सके।

### कैटेगरी में अलग-अलग देना होगा कचरा, रखी जाएगी ऑनलाइन नजर

दुर्ग जिले में अब कचरा प्रबंधन के लिए नए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अब कचरे को सिर्फ गीला और सूखा नहीं, बल्कि चार हिस्सों में अलग करना जरूरी होगा। इसमें गीला कचरा जैसे रसोई और बगीचे का कचरा, सूखा कचरा जैसे प्लास्टिक, कागज, कांच और धातु, सेनेटरी वेस्ट जैसे डायपर और नैपकिन, और स्पेशल केयर वेस्ट जैसे दवाइयां, बैटरी, बल्ब और पेंट के डिब्बे शामिल हैं। सेनेटरी और स्पेशल वेस्ट को अलग से पैक कर देना होगा। घर-घर कचरा उठाने वाली गाड़ियों में इन चारों तरह के कचरे के लिए अलग-अलग बॉक्स होने चाहिए। साथ ही पूरे कचरा प्रबंधन सिस्टम को एक केंद्रीय ऑनलाइन पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जिससे कचरा उठाने से लेकर उसके निपटान तक हर काम की निगरानी की जा सके। ट्रैकिंग सिस्टम से पूरे कार्य को मॉनिटर किया जाएगा। किसी भी तरह की लापरवाही पर कार्रवाई होगी।

### 100 किलो से ज्यादा कचरा तो मौके पर ही निष्पादन

होटल, मैरिज गार्डन, बड़ी सोसायटी, अपार्टमेंट, हॉस्टल और सामुदायिक भवन, जहां रोज 100 किलो या उससे ज्यादा गीला कचरा निकलता है, उन्हें अपने परिसर में ही उसका निपटान करना होगा। इसके लिए बायो डाइजेस्टर मशीन या कम्पोस्ट पिट का इस्तेमाल करना जरूरी होगा। ऐसे सभी संस्थानों को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा और निकाय से प्रमाण पत्र भी लेना होगा। नियमों का पालन नहीं करने पर जुर्माना लगाया जाएगा। पर्यावरण मंडल और निगम इसकी जांच करेगा। वे संस्थानों को कम्पोस्टिंग की जानकारी देंगे और उन्हें जरूरी मदद भी करेंगे, ताकि वे समय पर अपने यहां व्यवस्था बना सकें। डंपिंग साइट पोटिया में बायो-माइनिंग और बायो-रेमेडिएशन का काम चल रहा है।

## आधार नामांकन एवं अपडेट कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने कर्मचारियों को प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

लोक निर्माण विभाग के मीटिंग हॉल में जिला दुर्ग के आधार ऑपरेटरों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में दुर्ग जिले के 58 तथा खैरागढ़ जिले के 4 आधार ऑपरेटरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के असिस्टेंट मैनेजर मो. सौबान मोहिदीन द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आधार नामांकन एवं आधार अद्यतन कार्यों को यूआईडीएआई के नवीनतम दिशा-निर्देशों के अनुरूप अधिक गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान ऑपरेटरों को दस्तावेज़ सत्यापन, तकनीकी अपडेट, जन्मतिथि संशोधन, जेंडर लिमिट क्रॉस, नाम लिमिट क्रॉस, पेनल्टी संबंधी प्रावधान, आधार रद्द एवं निष्क्रिय मामलों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही ऑपरेटरों द्वारा उठाए गए विभिन्न तकनीकी एवं कार्य संबंधी प्रश्नों का विस्तार से समाधान किया गया।कार्यक्रम में ई-डिस्ट्रिक्ट प्रबंधक, जिला समन्वयक एवं एमटीओ भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के माध्यम से आधार सेवाओं को और अधिक प्रभावी, सटीक एवं नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

## मेगा मेडिकल कैंप से पुलिस कर्मी और उनके परिजनों की जांच, जताया आभार

**दुर्ग।** पुलिस महकमे द्वारा पहली बार नई पुलिस लाइन में स्पर्श अस्पताल और मेघ गंगा संस्था के सहयोग से मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक ख्याति नाम विशेषज्ञों ने अपनी सेवा दी। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सैकड़ों पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों ने लाभ उठाया। जिनका स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित सलाह दी गई और निःशुल्क दवा भी दी गई। इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूर्व पार्षद महेश्वरी ठाकुर ने इसके लिए पुलिस अधीक्षक और अन्य पुलिस अधिकारियों के प्रति आभार करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। अपेक्षा की है कि समय समय पर पुलिस लाइन में इस तरह के मेडिकल कैंप लगाए जाएं ताकि भारी तनाव में काम करने वाले पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य बेहतर रह सके।

## जिले में खंडहर हो रहे सरकारी स्कूल, जल्द कराया जाए मेंटेनेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- कांग्रेस के पूर्व पार्षदों ने शिक्षामंत्री गजेंद्र से की मांग

नया शिक्षण सत्र शुरू हो चुका है, लेकिन हर साल की तरह इस बार भी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पुरानी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खंडहर के रुप में तब्दील कई जर्जर शाला भवनों की स्थिति इस कदर खस्ता है कि कब छात्रों के उपर भरभरा कर छत गिर जाए कोई ठिकाना नहीं है। ऐसे स्कूलों में जान हथेली पर लेकर छात्र पढ़ने के लिए बाध्य हैं। प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के गृह जिले का यह हाल है। इसे लेकर कांग्रेस के पूर्व पार्षदों ने मांग की है कि कंडम सरकारी स्कूलों का तत्काल मेंटेनेंस कराया जाए। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अब्दुल गनी, देवकुमार जंघेल, लिखन साहू, पूर्व पार्षद अमृत लोढ़ा, संजय सिंह, भोला महोबिया, मनोज चंद्राकर, मनीष यादव, डॉ. छत्रसाल गायकवाड, राजकुमार वर्मा, युवराज ठाकुर आदि ने कहा कि हाल ही में भिलाई के वृन्दा नगर में शासकीय प्राथमिक शाला के एक कक्षा की छत गिर पड़ी। गनीमत है कि कोई छात्र हताहत नहीं हुआ। इसके पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी है। किन्तु सरकार जर्जर शाला भवनों की सुध नहीं ले रहा है। दुर्ग जिले में लगभग डेढ़ सौ शाला भवनों को कंडम घोषित किया जा चुका है लेकिन उनके स्थान पर नये भवन नहीं बनाए जा रहे हैं। वहां पढ़ने वाले छात्रों को आसपास के स्कूलों में समायोजित कर दिया गया है जहां उन्हें भेड़ बकरियों की तरह ठूस कर पढ़ाया जा रहा है। चालीस छात्रों की कक्षा मे सत्तर अस्सी छात्र पढ़ेंगे तो उनका भविष्य कैसा होगा इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। पूर्व पार्षदों ने मांग की है कि तत्काल जर्जर शाला भवनों का संधारण किया जाए और नये शाला भवन बनने तक छात्रों के लिए अलग से वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। बता दें कि जिले के 68 सरकारी स्कूलों की कंडम बिल्डिंग को डिस्मेंटल कर नया बनाए जाने की तैयारी है।



## डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न के लिए आवेदन 31 तक

**दुर्ग।** छत्तीसगढ शासन द्वारा कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों का प्रोत्साहित करने एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस वर्ष 2026 का पुरस्कार वितरण राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में किया जाएगा। इस संबंध में कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। संयुक्त संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी अनुसार इच्छुक कृषक जो खेती में नवाचार, जैविक कृषि, उत्पादन में वृद्धि, कृषि यात्रिकीकरण या जल संरक्षण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं, वे इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। समस्त पात्र कृषक वे निर्धारित तिथि तक आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन जिला कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया, आवश्यक अर्हताएँ एवं अन्य जानकारी संबंधित विकासखंड, जिला कृषि कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कृषकों से प्राप्त आवेदनों का सत्यापन संयुक्त संचालक कृषि द्वारा गठित विकासखंड स्तरीय छानबीन समिति द्वारा किया जाएगा। विकासखंड स्तरीय समिति कृषकों के प्रक्षेत्रों में जाकर आवेदन में उल्लेखित अधोसंरचना, कृषि आदान, सिंचाई संसाधन व अन्य जानकारी का प्रत्यक्ष निरीक्षण व अवलोकन सत्यापन उपरांत प्रतिवेदन जिला स्तरीय समिति को प्रस्तुत करेगी। जिला स्तरीय समिति द्वारा सूक्ष्म जांच उपरांत जिला से अधिकतम 3 उत्कृष्ट कृषकों का चयन कर जिला कलेक्टर के माध्यम से नामांकन संचालनालय कृषि को उपलब्ध कराया जाएगा। कृषक रत्न पुरस्कार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल के नाम पर दिया जाता है।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन अभियान आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- वैक्सीन लगवाने के लिए अभिभावकों से अनुमति

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में 13 से 18 जुलाई तक विशेष अभियान के तहत जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला, सिविल अस्पताल नगपुरा जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सभी शहरी एवं ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगाया जाना प्रस्तावित है। दुर्ग जिले का एचपीवी वैक्सीन लक्ष्य 18715 है। अब तक 4131 बालिकाओं एचपीवी वैक्सीन लगा जो कि 22 प्रतिशत है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव ने बताया गया कि स्तन कैंसर के बाद महिलाओं में सबसे अधिक सर्वाइकल कैंसर से मृत्यु होती है अतः बालिकाओं के भविष्य को सुरक्षित करने हेतु एचपीवी वैक्सीन अत्यधिक प्रभावी है। यह वैक्सीन अभी 14 वर्ष से 15 वर्ष के बीच की होगीं उन्हीं बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाया जायेगा।

उपरोक्त सभी संस्थाओं में प्रातः 9 बजे से 5 बजे तक वैक्सीन लगाया जायेगा। भविष्य में बच्चेदानी के मुंह का कैंसर से बचाव के लिये अभिभावकों को अपने बच्चियों को वैक्सीन लगाना होगा। यह एचपीवी वैक्सीन विगत कई वर्षो से विश्व के बहुत से देशों में तथा भारत में प्राइवेट डॉक्टरों द्वारा लगाया जा रहा है यह अत्यधिक मूल्यवान वैक्सीन है पर शासन द्वारा यह निःशुल्क लगाई जा रही है।

### 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को लगाई जानी है वैक्सीन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी ने सभी प्राइवेट व सरकारी स्कूलों के प्राचार्यो, जनप्रतिनिधियों, पार्षदगण, स्वयंसेवी संस्थाओं, पंचों, सरपंचों, वार्ड पार्षदों से अपील की है कि इस अभियान में अपनी संकल्पित भागीदारी निभायें। जिला स्वास्थ्य समीति बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी को सभी शैक्षणिक संस्थाओं में 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगवाने के लिए अभिभावकों से अनुमति प्राप्त कर शत प्रतिशत टीकाकरण करने निर्देशित किया गया है। एचपीवी वैक्सीन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर दिया गया है तथा जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त प्राचार्यों को भी बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए टीकाकरण में पूर्ण सहयोग हेतु निर्देशित किया गया है।

### मेघा को महिला मोर्चा महामंत्री की जिम्मेदारी



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मेघा कौर को खुर्सीपार मंडल महिला मोर्चा का महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। इन्होंने विभिन्न वार्डों और क्षेत्रों की सक्रिय, समर्पित और लंबे समय से संगठन में कार्यरत महिला कार्यकर्ताओं को संगठित करने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। नई टीम के गठन को संगठन विस्तार, महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने तथा आगामी राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मेघा कौर ने बताया कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे का मार्गदर्शन उन्हें लगातार मिलता रहा।

## कलेक्टोरेट स्थित लोकसेवा केंद्र में पहुंच रहे लोग

# सेवा सेतु से नाम परिवर्तन के लिए अब ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- नागरिक सेवा के लिए शुरू की गई नई व्यवस्था

छत्तीसगढ़ शासन ने एक महत्वाकांक्षी पहल के तहत दुर्ग जिले में जनता के द्वार, डिजिटल सरकार की है। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन नागरिक सेवाओं की सुगमता और त्वरित कार्यप्रणाली का एक बेहतरीन उदाहरण सामने आया है। दुर्ग जिले के डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव की धर्मपत्नी द्वारा नाम परिवर्तन के लिए सेवा सेतु पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया गया था। सेवा सेतु के सुदृढ़ और पारदर्शी सिस्टम के चलते, इस प्रकरण का निराकरण पूरी तरह से निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया गया। इसके उपरांत, सेवा सेतु प्रबंधक द्वारा आवेदक को उनका आधिकारिक राजपत्र प्रकाशन प्रमाण-पत्र सफलतापूर्वक प्रदान कर दिया गया। यह सफलता यह साबित करती है कि सेवा सेतु पोर्टल सरकारी प्रक्रियाओं को सुलभ और सरल बना रहा है, साथ ही समयबद्धता के साथ नागरिकों को घर बैठे ही पारदर्शी तरीके से सरकारी सेवाओं का सीधा लाभ भी पहुंचा रहा है। इस डिजिटल बदलाव से अब जिले में विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन सेवा प्रदायगी आम जनता के लिए बेहद आसान और सुविधाजनक हो गई है।




### दो बच्चों को समय पर मिला ऑनलाइन जाति प्रमाण पत्र

सेवा सेतु केंद्र आम नागरिकों के लिए सरकारी सेवाओं को सरल, सुगम और समयबद्ध बना रही है। अब लोगों को आवश्यक प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। इसका लाभ दुर्ग जिले के ग्राम भोथली निवासी नोवेंन्द्र कुमार निषाद के परिवार को भी मिला। नोवेंन्द्र कुमार निषाद ने वर्षों पहले अपना ऑफलाइन जाति प्रमाण पत्र बनवाया था, जिसके आधार पर उनके बच्चों ने प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। समय के साथ उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए ऑनलाइन जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता हुई। उनकी बड़ी बेटी एकता निषाद ने रस्तोगी नर्सिंग होम से बी.एससी. नर्सिंग की शिक्षा प्राप्त की है, वहीं उनके पुत्र हरीश कुमार निषाद ने अंजोरा स्थित अपोलो कॉलेज से डी.फार्मा का अध्ययन पूरा किया है। अब दोनों अपने करियर की नई शुरुआत करने की तैयारी कर रहे हैं।

## शक्ति केंद्र से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की बनी रणनीति



**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी मरोदा-पुरैना मंडल की मासिक बैठक शंकर नगर डुंडेरा वार्ड 38 स्थित मंगल भवन में संपन्न हुई। बैठक में मंडल प्रभारी एवं प्रदेश भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सह संयोजक दिनेश देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल ने की। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा, आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने, 9 शक्ति केंद्रों के माध्यम से कार्य विस्तार, 52 बूथ समितियों के अद्यतन, बीजेपी आईडीपी, ऑनलाइन लर्निंग प्रोग्राम, भाजपा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, 19 जुलाई को शक्ति केंद्र बैठकों, 26 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 136 वें एपिसोड के सामूहिक श्रवण तथा 9 अगस्त को पुरैना में अगली मासिक बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री पुनाराम कलिहारी ने किया। दिनेश देवांगन ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पुनाराम कलिहारी, नरेंद्र निर्मलकर, राजूराम, नवीन सिन्हा, दुर्गेश साहू, आरती पांडेय, मंडल मंत्री शेष जांगड़े आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री उत्कर्ष योजना में हुए सफल

**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय अमेरी ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। 'मुख्यमंत्री उत्कर्ष परीक्षा 2026' के घोषित परिणामों में इस विद्यालय के तीन होनहार विद्यार्थियों पूर्वी ठाकुर, विराज कुमार और फलेश्वरी नेताम—का चयन हुआ है। विगत पांच वर्षों में इस छोटे से ग्रामीण विद्यालय से अब तक कुल 8 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हो चुका है। सभापति जनपद पंचायत पाटन प्रणव शर्मा, भूषण लाल भारद्वाज, दिनेश नेताम के साथ-साथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक देवलाल पटेल, मुकेश वर्मा, रश्मि वर्मा और संकुल समन्वयक खिलेश वर्मा ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार मरकाम और विशेष रूप से बच्चों की तैयारी कराने वाले नोडल शिक्षक आदित्य नारायण वर्मा की रणनीति की हर तरफ सराहना हो रही है।

### संगठन सशक्तीकरण व कार्ययोजना पर हुआ मंथन

**भिलाई।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, अमलेश्वर मंडल के तत्वावधान में प्रदेश भाजपा एवं जिला युवा मोर्चा के निर्देशन में जामगांव स्थित विश्राम गिरी परिसर में मंडल स्तरीय परिचयात्मक बैठक का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बैठक का उद्देश्य नवगठित मंडल पदाधिकारियों का परिचय, संगठनात्मक दायित्वों का निर्धारण तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हिमांशु सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में जिला महामंत्री अनिकेत यादव, जिला पंचायत सभापति नीलम चंद्राकर, जनपद पंचायत पाटन अध्यक्ष कीर्ति नायक, जिला भाजपा उपाध्यक्ष हर्षा चंद्राकर, लोकमणि चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, मंडल महामंत्री कैलाश यादव एवं धर्मेंद्र कौशिक उपस्थित रहे। बैठक में युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राजू साहू (सरपंच, ग्राम पंचायत झीट), अविनाश मिश्रा (पाटन), प्रणव शर्मा (सभापति, जनपद पंचायत पाटन), दामिनी साहू (जनपद सदस्य), युवा मोर्चा अमलेश्वर मंडल अध्यक्ष रवि सिंगौर, मंडल महामंत्री मनीष कौशल आदि उपस्थित थे।

### शिक्षा विभाग के अफसरों को भेंट की गई 'मोर अंगना के शोर'



**पाटन।** मातृभाषा आधारित शिक्षण, बाल साहित्य और समावेशी शिक्षा को नई दिशा देने वाले बहुचर्चित बाल काव्य संग्रह 'मोर अंगना के शोर'की प्रतियाँ भेंट की गईं। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी डालेन्द्र देवांगन, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप महिलांगे, बीआरसी गुणेश्वर वर्मा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सविता देशलहरे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी आकांक्षा अग्रवाल तथा विकासखंड पाटन के समस्त संकुल समन्वयकों के साथ पुस्तक के उद्देश्य, शैक्षणिक उपयोगिता तथा विद्यालयों में इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## निधन

### इंदिरा बेन तन्ना



**दुर्ग।** आर्य नगर निवासी इंदिरा बेन तन्ना (80 वर्ष) का निधन हो गया। उन्होंने अपने देह दान किया है। उनके अंतिम दर्शन के लिए रविवार को निवास में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। वे हरेश तन्ना की मां और हितेंद्र, वीरेंद्र की चाची थीं।

### राम बाई सिन्हा



**भिलाई।** ग्राम हल्दी गुंडरदेही निवासी राम बाई सिन्हा 98 वर्ष का निधन शनिवार को हो गया। वे छग कलार समाज की पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद सिन्हा की बड़ी मां थीं। उनका अंतिम संस्कार हल्दी के मुक्तिधाम में हुआ। उनके निधन पर छग सिन्हा कलार समाज ने शोक व्यक्त किया है।

### विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए चन्द्राकर

# आम जनता का जीवन स्तर उठाने काम कर रही साय सरकार : ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली नगर निगम अंतर्गत ग्राम जोरातराई के वार्ड 37 में लगभग 1 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन कर आधारशिला रखी।

इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास पर विश्वास करने वाली पार्टी है। हमारी सरकार जो कहती है वो करती है। हम लगातार आम जनता के जीवन स्तर को उठाने के लिए काम कर रहे हैं। रिसाली क्षेत्र में सड़क, नाली, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार तेजी से किया जा रहा है ताकि हर नागरिक को बेहतर सुविधा मिल सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर गरीब को पक्का मकान दिया जा रहा है। महतारी वंदन योजना से प्रदेश की माताओं-बहनों को हर महीने 1000 रुपए की आर्थिक सहायता मिल रही है। कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान का बोनस मिल रहा है। आयुष्मान भारत योजना से 5 लाख तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध है। तीर्थ दर्शन योजना से बुजुर्गों को धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जा रहे हैं। ये सभी योजनाएं मोदी की गारंटी हैं और विष्णुदेव साय की सरकार इन्हें पूरी निष्ठा के साथ लागू कर रही है। कार्यक्रम में रिसाली महापौर शशि सिन्हा, जिला मंत्री शैलेन्द्र शेंडे, मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, विधायक प्रतिनिधि गोविन्द साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद विक्की खिलेन्द्र चंद्राकर, रोहित धनकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

**जोरातराई में 1 करोड़ के विकास कार्यों की विधायक ललित ने रखी आधारशिला**







## नकटी गांव में उजाड़े गए घरों के विरोध में निकाली आक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल

रायपुर के ग्राम नकटी गांव मे उजाड़े गए घरों के विरोध में आक्रोश रैली जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी जामुल नगर अध्यक्ष कमल पटेल के नेतृत्व में रावण भाठा जामुल में निकाली गई। इस दौरान लोगों ने वहां के विधायक और सांसद का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। शासन से मांग की गई कि नकटी गांव के पीड़ित परिवार को पुनः उसी जगह पर स्थापित करे जहाँ पहले उनकी आशियाना था। आक्रोश रैली में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी प्रदेश सहसचिव अरूण गंधर्व, जिला उपाध्यक्ष अप्पू मेश्राम, जिला महामंत्री पप्पू मेश्राम, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना जिला अध्यक्ष जागेश्वर वर्मा, जामुल नगर अध्यक्ष, पुरन साहू, अज्जू साहू, रितिक निर्मलकर, भूपेन्द्र बंछोर, महिला सेना पदाधिकारी नगर उपाध्यक्ष यामिनी साहू, ज्ञानेश्वरी मेश्राम, धनेश्वरी साहू, शोभा साहू आदि के अलावा जामुल नगर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के वार्ड अध्यक्ष महिला, पुरूष पदाधिकारी गण भारी संख्या मे उपस्थित थे।

## आयुष्मान और वय वंदन कार्ड बनाने ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



■ अब तक 945 आयुष्मान व 241 वय वंदन कार्ड बने

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के निर्देश तथा खंड चिकित्सा अधिकारी निकुम डॉ. देवेंद्र किशोर बेलचंदन के मार्गदर्शन में 1 जुलाई से ग्राम पंचायतवार आयुष्मान कार्ड एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए वय वंदन कार्ड बनाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के आरएचओ एवं सीएचओ मोबाइल स्कैनर के माध्यम से पात्र हितग्राहियों के कार्ड बना रहे हैं। अभियान के अंतर्गत अब तक 945 आयुष्मान कार्ड तथा 241 वय वंदन कार्ड बनाए जा चुके हैं। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सामान्य पात्र हितग्राहियों को 50 हजार रुपये तक तथा गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के वय वंदन कार्डधारकों को 5-5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य उपचार लाभ मिलता है। स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है, जिनका आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बना है, वे अपने ग्राम के सरपंच, सचिव या मितानिन से संपर्क कर निर्धारित तिथि पर आयोजित शिविर में राशन कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ पहुंचकर अपना कार्ड बनवाएं और शासन की स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का लाभ उठाएं। इसी कड़ी में 13 जुलाई को ग्राम पंचायत अंडा, खम्हरिया, बोड़ेगांव, पीपरछेड़ी एवं मचांदुर, 14 जुलाई को चिंगरी, कोटनी, ननकट्ठी, गनियारी (रसमड़ा) एवं घुघसीडीह, 15 जुलाई को अछोटी, कोडिया, रवेलीडीह, खुरसुल एवं कोकड़ी, 16 जुलाई को कुथरेल, मोहलाई, अरसनारा एवं दामोदा, 17 जुलाई को रिसामा, ढौर एवं नगपुरा, 20 जुलाई को चिरपोटी, खेदामारा एवं अंजोरा (ढा), 21 जुलाई को मतवारी, कचांदुर एवं ढाबा, 22 जुलाई को जंजगीरी, बासीन एवं डांडेसरा, 23 जुलाई को भेड़सर तथा 24 जुलाई को थनौद ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित किए जाएंगे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र किशोर बेलचंदन ने सभी पात्र हितग्राहियों से निर्धारित तिथियों में शिविरों का लाभ उठाकर आयुष्मान एवं वय वंदन कार्ड बनवाने की अपील की है।

## मुमुक्षु काजल नाहर का अभिनंदन 20 को भखारा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



जैन भगवती दीक्षा ग्रहण करने वाली मुमुक्षु बहन बाल ब्रह्मचारिणी सुश्री काजल नाहर सुपौत्री पुखराज श्रीमती माडू बाई नाहर एवं सुपुत्री विनोद श्रीमती राखी नाहर गातापार का भव्य स्वागत अभिनन्दन 20 जुलाई सोमवार कृषि उपज मंडी भखारा में सकल जैन श्री संघ भखारा राल के तत्वाधान में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायक राहुल झाबक आशक्ती से विरक्ति की भाव भरने वाले भजनों की श्रृंखला से अभिनंदन समारोह के साक्षी धर्म प्रेमियों को भक्ति से सराबोर करेंगे। दीक्षा बीकानेर राजस्थान में 4 सितंबर 2026 को वात्सल्य-मुक्ति के प्रणेता आचार्य प्रवर 1008 रामलाल महाराज साहब के सानिध्य में एवं उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि जी महाराज साहब के मुखारविंद से संपन्न होगी। भखारा राल जैन समाज अध्यक्ष गौतमचंद चौरडिया ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 7:30 बजे से स्वल्पाहार के बाद 8:30 बजे धीरज नाहर निवास बाजार चौक से भव्य बग्घी जुलूस निकलेगा जो बाजार चौक, अटल चौक होते हुए कृषि उपज मंडी पहुंचेगा। 10:15 बजे स्वागत समारोह एवं अभिनंदन होगा तथा 12:45 बजे गौतम प्रसादी होगी। अध्यक्ष ने आग्रह किया है कि भखारा राल जैन समाज के परिवार के सभी सदस्य स्वस्फूर्त सुनिश्चित समय पर पहुंचकर अपनी सहभागिता जिम्मेदारी के साथ अवश्य निभाए। भखारा राल जैन समाज कोषाध्यक्ष रूपेश चोपड़ा ने बताया कि भखारा राल जैन समाज के दो दर्जन से अधिक ग्रामों में निवासरत जैन श्री संघ सदस्यों की महती भूमिका से यह अभिनंदन समारोह भव्यता को प्रदान करने के लिए आशान्वित है।उन्होंने बताया कि इस आयोजन में धमतरी दुर्ग भिलाई रायपुर बालोद कांकेर जगदलपुर राजनांदगांव राजिम नवापारा आदि शहरों के धर्म प्रेमियों की साक्षी बनने की खबर सामने आने लगी है।

## गांधीभाठा शाला में चुनी गई बाल संसद



**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अण्डा में लोकतांत्रिक मतदान प्रक्रिया के माध्यम से बाल संसद का गठन किया गया। निर्वाचन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मतदान कर अपने प्रतिनिधियों का चयन किया।

निर्वाचन परिणाम के अनुसार कक्षा पाँचवीं के शौर्या निर्मलकर प्रधानमंत्री तथा भाग्या डहरिया उपप्रधानमंत्री निर्वाचित हुए। इसके अलावा अनुशासन मंत्री के रूप में मोनी सिन्हा, स्वच्छता एवं सुरक्षा मंत्री दीपक एवं यश धीवर, पर्यावरण मंत्री वैष्णवी ढीमर एवं प्रीति सिन्हा, पुस्तकालय मंत्री भाग्या डहरिया एवं हिमांक, मध्याह्न भोजन मंत्री तनिष्का कोसरिया एवं तन्मय देशलहरे तथा क्रीड़ा एवं योग मंत्री शौर्या निर्मलकर एवं लोकेश चन्द्राकर का चयन किया गया। प्रत्येक कक्षा के लिए भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया से कक्षा नायकों का चयन किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संस्था प्रधान चन्द्रहास साहू एवं सहायक शिक्षक पेमिन नागवंशी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। संस्था प्रधान चन्द्रहास साहू ने कहा कि बाल संसद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, निर्णय लेने की योग्यता, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करने का प्रभावी माध्यम है।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**दुर्ग।** दुर्ग ओम ज्वैलर्स शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स अपने भाव शोरूम के लिए जाना माना है। जहां आपको अनगिनत डिजाइन देखने को मिलता है। श्री सोनी ने बताया सोने की बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मासिक ई योजना चालू किए हैं जिसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि पैसा लाने ले जाने का जोखिम को देखते हुए घर पहुंच सेवा उपलब्ध किया गया है जिसमें अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट आप घर से भी कर सकते हैं। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। सोनी ने बताया कि पुराने गहने को बिल्कुल नया बनाये वो भी बिना वजन घटे। ज्वेलरी की रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है जिसमें ग्राहक अपने मनपसंद डिजाइन बुकिंग कर पसंद की जेवर शुभ मुहूर्त पर ले जाएं। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट )एवं 750(18कैरेट) के टोटल हॉलमार्क गहने उपलब्ध है। जिसमें भारत सरकार के द्वारा 6 अंकों का डिजिट कोड एच यू आईडी अंकित किया मिलेगा पूरे शहर में सबसे कम दाम पर उपलब्ध हैं जिसमें 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जीतना सोना उतना चांदी फ्री ओम ज्वेलर्स की तरफ से प्रदान किया जाता है। हमारी शॉप में हमेशा ग्राहकों का अच्छी भीड़ रहती है। नए-नए डिजाइनों का हमेशा कलेक्शन उपलब्ध रहती है इसलिए आपको हमेशा लेटेस्ट फ्रेश डिजाइन व नई वैरायटी उपलब्ध रहती है। आप एक बार शॉप अवश्य पधारे।

## अंचल की खबरें

### नए स्कूल भवन के लिए ग्रामीणों ने जताया आभार



**उतई/अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम कोड़िया में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में नवीन शाला भवन के लोकार्पण के पश्चात आभार प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। गांव में लंबे समय से प्रतीक्षित स्कूल भवन का निर्माण पूरा होने के बाद ग्रामीणों और शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रति आभार व्यक्त किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में नवीन शाला भवन के लोकार्पण के पश्चात आभार प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू,विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष जनपद राकेश हिरवानी, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी,पूर्व जिला पंचायत सभापति योगिता चन्द्रकार, पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति चुन्नीलाल चन्द्रकार, जगदिश दीपक साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि यह भवन मेरा नहीं, यह गांव के हर माता-पिता, हर शिक्षक और हर बच्चे की मेहनत का परिणाम है। ग्राम के वरिष्ठ स्व.भरत लाल चंद्राकर का सहयोग शाला भवन के निर्माण का अविस्मरणीय है। उनकी स्मृति में नवीन शाला में वृहद वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में आनंद चंद्राकर जनभागीदारी अध्यक्ष, सरपंच खुमान निषाद, सी एल चंद्राकर,मलेश निषाद,द्रोपती चंद्राकर,चंद्रकुमार चंद्राकर राधेलाल साहू और उमेश साहू उपस्थित थे। शाला प्राचार्य नीलमणि उजवने एवं समस्त शिक्षक स्टाफ के सहयोग से सफल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंच संचालन व्याख्याता डॉ सरोज साहू एवं शीला चंद्रा ने किया।

### नगर पंचायत की टीम स्वच्छता अभियान में जुटी



**धमधा।** नगर पंचायत धमधा द्वारा वार्ड क्रमांक 1 में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू एवं नगर पंचायत का पूरा अमला स्वयं झाड़ू लेकर सफाई कार्य में जुट गया और नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छ नगर ही स्वस्थ और विकसित नगर की पहचान है। उन्होंने नगरवासियों से अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण से बीमारियों पर भी नियंत्रण पाया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू सहित नगर पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए नियमित साफ-सफाई बनाए रखने का संदेश दिया। अभियान के दौरान वार्ड में नालियों एवं सड़कों की सफाई कर स्वच्छ और सुंदर नगर बनाने का संकल्प दोहराया गया।

### घुघुवा स्कूल में सरस्वती साइकिल वितरण समारोह



**पाटन।** क्षेत्र के सेजस विद्यालय ग्राम घुघुवा(क) में शाला प्रवेश उत्सव, निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण समारोह और पौधारोपण किया गया। अतिथियों ने कक्षा 1, कक्षा 6 और कक्षा 9 के नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर विद्यालय में प्रवेश दिलाया । कक्षा 9 के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और बी पी एल वर्ग के छात्राओं को निशुल्क सरस्वती योजना अंतर्गत साइकिल वितरण किया गया। स्वागत भाषण विद्यालय के प्राचार्य के के पहरी, थानेश्वर साहू एसएमडीसी अध्यक्ष, शैलेन्द्री साहू सरपंच ने दिया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे थी। अध्यक्षता जनपद पंचायत पाटन के अध्यक्ष कीर्ति नायक ने की। विशिष्ट अतिथि नीलम राजेश चंद्राकर सभापति जिला पंचायत दुर्ग, कमलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन, प्रणव शर्मा सभापति जनपद पंचायत पाटन, राजेश चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि पाटन विधानसभा रहे। प्रशांत शर्मा अध्यक्ष पालक समिति ने विद्यालय की समस्याओं को रखा। सभापति प्रणव शर्मा ने पचास हजार लागत की खेल सामग्री एवं मैट यथाशीघ्र देने की घोषणा की।इसके बाद सभी अतिथियों ने पौधा रोपण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उत्तम बंजारे, भूषण सेन, दुर्वासा साहू, पूनम प्रशांत शर्मा, रवि साहू, लोकेश्वर शाहू, अशोक वर्मा, विद्यासागर निषाद, यमन मढरिया, चितरंजन साहू, शिक्षक जीवन लाल वर्मा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। मंच संचालन संकुल समन्वयक शिक्षक खिलेश वर्मा ने किया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बीएसपी में सुरक्षा मैनुअल का विमोचन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा कार्यस्थल पर सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ बनाने और दुर्घटनामुक्त कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के लिए संशोधित सुरक्षा मैनुअल का विमोचन कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक तुषार कांत, पीवीवीएस मूर्ति, मुख्य महाप्रबंधक पीआर भल्ला तथा देबदत्त सतपथी उपस्थित थे। विमोचन के उपरांत संशोधित सुरक्षा मैनुअल को साप्ताहिक समन्वय बैठक के दौरान संयंत्र के सभी मुख्य महाप्रबंधकों एवं विभागाध्यक्षों को उपलब्ध कराया गया। सुरक्षा मैनुअल के संशोधित संस्करण में नवीन औद्योगिक मानकों, सुरक्षा दिशा-निर्देशों तथा वर्तमान कार्य परिस्थितियों के अनुरूप आवश्यक प्रावधानों को समाहित किया गया है। व्यावहारिक अनुभव, तकनीकी विशेषज्ञता तथा शॉप फ्लोर से प्राप्त सुझावों के आधार पर तैयार किए गए इस व्यापक सुरक्षा मैनुअल में अद्यतन सुरक्षा परिपत्र, विभिन्न कार्यों के लिए उपयोगी सुरक्षा चेकलिस्ट तथा 37 मैटेरियल सेफ्टी डाटा शीट्स को भी सम्मिलित किया गया है। यह संशोधित संस्करण कर्मचारियों को कार्यस्थल पर संभावित जोखिमों की बेहतर समझ विकसित करने में मदद करेगा।

### बाजारों के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर संपत्तिकर, नियमितीकरण व लीज की होगी वसूली

# से.6 के मार्केट के व्यावसायियों पर बढ़ेगा दोतरफा दबाव, बकाया वसूली की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप की सबसे बड़ी कालोनी सेक्टर 6 के मार्केटों के व्यवसायियों को दोतरफा भार पड़ने पड़ने की चिंता सता रही है। यहां आधा दर्जन बाजारों में स्थित कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के आनरों द्वारा अतिरिक्त निर्माण के चलते एक बार फिर से बकाया नियमितीकरण और लीज नवीनीकरण की बकाया की पैनाल्टी और संपत्ति कर वसूली की प्रक्रिया के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र और नगर निगम द्वारा कवायद शुरु कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी टाउनशिप के सभी पंद्रह सेक्टरों में दो दर्जन से अधिक मार्केट हैं। इनमें साढ़े तीन हजार व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में पंद्रह सौ लीज और इतनी ही लायसेंस पर दुकानें हैं। सभी से छग रेवेन्यू एक्ट के तहत निर्धारित दर पर बीएसपी प्रबंधन संपत्तिकर वसूली करता है। इसके अलावा दुकानों के लीज नवीनीकरण राशि व पैनाल्टी भी बीएसपी लेता है। बकाया लीज डीड पैनाल्टी के लिए बीएसपी पहले कई बार व्यवसायियों पर दबाव बना चुका है। लेकिन कई शाप्स आनरों द्वारा पिछले लंबे समय से राशि को अधिक बताते हुए नियमों मे शिथिलता व सुधार की मांग की जा रही थी। इस दौरान व्यवसायियों द्वारा जन प्रतिनिधियों की मदद से उच्च प्रबंधन द्वारा दर कम करने का दावा किया गया था। लेकिन बीएसपी में आदेश अब तक नहीं आया है। सूत्रों के मुताबिक इस बीच बीएसपी व नगर निगम दोनों ही अपने अपने क्षेत्र की नई व बकाया राशि वसूली के लिए फिर से तैयारी शुरु कर दी गई है। नगर निगम ने दुकानों व प्रिमाइसेस के मापजोख शुरु कर दी है। टाउनशिप के सबसे बड़ी कालोनी सेक्टर 6 मार्केट में नापजोख के इस मार्केट व सिविकसेंटर आदि में बीएसपी नोटिस की देने की कवायद में जुटा हुआ है। वहीं व्यवसायियों को लीज डीड के साथ अतिरिक्त निर्माण के लिए आज के दर पर नियमितिकरण राशि वसूली की भी चिंता सता रही है। नियमितीकरण को लेकर निगम पहले भी प्रयास कर चुका जिसका अपना क्षेत्राधिकार बताते हुए बीएसपी ने विरोध किया था। व्यवसायियों ने बताया कि सेल प्रबंधन द्वारा महीनेभर पूर्व लीज नवीनीकरण नई दर तय कर दी गई है जल्द ही आदेश आ जाएगा। इस दौरान वसूली का हम विरोध करेंगे।

**नगर निगम कर रहा माप जोख, बीएसपी में नोटिस की कवायद**



#### यहां हैं सर्वाधिक 8 मार्केट

सेक्टर 6 में टाउनशिप के सर्वाधिक 8 मार्केट हैं। यानी सर्वाधिक व्यवसायिक प्रतिष्ठान यहीं है। इनमें सबसे बड़े ए मार्केट सहित बी, सी, ई, एफ, डी माकेट और रुई मार्केट स्थित हैं। डी मार्केट को छोडकर सभी पचास साल पुराने हैं। सभी बाजारों में एक हजार से अधिक दुकानें हैं। इनमें ए और बी मार्केट में रजिस्टर्ड यानी लीज दुकानें भी हैं। लीज यानी ग्राउंड फ्लोर पर शांप और ऊपर आवास है। जबकि अन्य बाजारों में लायसेंस पर यानी सिर्फ सिंगल दुकानें हैं। लेकिन दोनों मार्केट के कई व्यवसायियों द्वारा निर्धारित अलाट एरिया के अतिरिक्त निर्माण भी बहुत पहले से कर व्यवसाय किया जा रहा है ।

#### बारिश में जलजमाव सहित बुनियादी बदहाली भी

सेक्टर 6 के सभी आधा दर्जन मार्केट बुनियादी सुविधाओं को लेकर बदहाल हैं। इनमें सड़कों, प्रसाधन, पेयजल, सफाई, स्ट्रीट लाइट और जलभराव की समस्या बनी रहती है। व्यवसायियों ने बताया कि ए मार्केट में जर्जर सड़कों के बड़े बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से परेशानी होती है। परिसर में जलजमाव से दुकानों के सामने आवाजाही में दिक्कत होती है। वहीं अधिकतर प्रसाधन गंदगी से बजबजा रहे हैं। नियमित सफाई भी नहीं होती है। कई स्ट्रीट लाइट टिमटिमाते रहती है। लोग घर से बांटल में पीने का पानी लेकर आते हैं। व्यवसायियों ने बताया कि बुनियादी समस्याओं का निदान नहीं किया जाता वहीं टेक्स व नियमितीकरण राशि के लिए बीएसपी व निगम द्वारा का दबाव बना अनुचित है।

## सरस्वती साइकिल योजना से बेटियों के सपनों को मिली नई उड़ान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उरला में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत 34 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साथ ही कक्षा पहली, छठवीं और नवमीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेम लाल साहू प्रवक्ता भाजपा जिला भिलाई थे। अध्यक्षता ईश्वर साहू पार्षद उरला ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरीश साहू अध्यक्ष शाला विकास और प्रबंधन समिति, राम कुमार साहू उपाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला भिलाई, छन्नू बंजारे अध्यक्ष ग्राम विकास समिति उरला, अमर साहू भाजपा नेता और अशोक साहू उपस्थित थे। मुख्य अतिथि प्रेम लाल साहू ने कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। सरस्वती साइकिल योजना बेटियों के आत्मविश्वास, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य को गति देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने छात्राओं से नियमित अध्ययन, अनुशासन और कठिन परिश्रम के माध्यम से अपने माता-पिता, विद्यालय एवं प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। ईश्वर साहू ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और व्यक्तित्व निर्माण की पाठशाला है। उन्होंने कहा कि बच्चों की सफलता में अभिभावकों, शिक्षकों और समाज की समान भागीदारी आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि हरीश साहू ने कहा कि शिक्षा से बढ़कर कोई सम्पत्ति नहीं होती।




# सेक्टर 9 अस्पताल बचाने प्रबंधन पर बढ़ाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- कल संयुक्त यूनियन करेगी बड़ा प्रदर्शन परिवार सहित शामिल होने की अपील

बीएसपी के सेक्टर नौ अस्पताल बचाओ के लिए जनसंपर्क आभियान के दौरान रविवार सुबह संयुक्त यूनियन के नेतृत्व में बोरिया मार्केट के पास नुक्कड़ सभा आयोजित कर संयंत्र के कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों और आम नागरिकों से चर्चा की गई। इस दौरान अस्पताल के निजीकरण के खिलाफ पर्चे वितरित किए गए। संयुक्त यूनियन ने सभी कर्मचारियों, अधिकारियों, यूनियन सदस्यों, सेवानिवृत्त कर्मियों तथा उनके परिवारों से अपील की कि वे आंदोलन के पूर्व 14 जुलाई, मंगलवार को शाम 6 बजे सेक्टर-9 अस्पताल के मुख्य द्वार पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की रक्षा के संघर्ष को मजबूत करें।

सभा में संयुक्त यूनियन के नेताओं ने कहा कि भिलाई के सभी वर्गों की एकजुटता और संघर्ष से ही सफलता मिलेगी। यदि सेक्टर-9 अस्पताल जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्था को बचाना है, तो हर कर्मचारी और नागरिक को अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाते हुए संघर्ष में उतरना होगा। इस्पात मंत्रालय और सेल प्रबंधन सुनियोजित तरीके से सेक्टर-9 अस्पताल सहित संयंत्र की विभिन्न व्यवस्थाओं को निजीकरण की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। इसके विरोध में भिलाई सहित सेल की विभिन्न इकाइयों में लगातार आंदोलन चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि पूरी ताकत से निजीकरण का विरोध नहीं किया गया, तो निजीकरण होने के बाद उसके दुष्परिणामों पर केवल अफसोस जताने से कोई लाभ नहीं होगा।



#### संयंत्र कर्मी व गैर संयंत्र कर्मी हों लामबंद

संयुक्त यूनियन ने सभी कर्मचारियों, अधिकारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों, उनके परिवारों तथा भिलाई की आम जनता से आह्वान किया कि निजीकरण से सभी वर्गों को परेशानी होगी। इसलिए 14 जुलाई के प्रदर्शन को सफल बनाकर प्रबंधन व सरकार को यह संदेश दें कि सेक्टर-9 अस्पताल जैसी सार्वजनिक संपत्ति किसी भी कीमत पर निजी हाथों में नहीं सौंपी जाएगी। यूनियन ने कहा कि अस्पताल बचाने, कर्मचारियों और आम जनता के स्वास्थ्य अधिकारों की रक्षा करने तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए एकजुट संघर्ष ही एकमात्र प्रभावी रास्ता है।

## बीएफ ने हॉट मेटल उत्पादन का कीर्तिमान रचा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सबसे बड़ी ब्लास्ट फर्नेस-8 'महामाया ने 21 मिलियन टन संचयी हॉट मेटल उत्पादन का रिकार्डकायम किया है। 2 फरवरी 2018 को कमीशन की गई ब्लास्ट फर्नेस-8 ने यह उपलब्धि मात्र 3,080 दिनों में हासिल कर भारतीय इस्पात उद्योग में एक नया मानदंड स्थापित किया है।फर्नेस ने 20 मिलियन टन से 21 मिलियन टन संचयी हॉट मेटल उत्पादन का सफर केवल 121 दिनों में पूरा किया, जो इसकी उत्कृष्ट परिचालन क्षमता, उच्च तकनीकी दक्षता तथा ब्लास्ट फर्नेस-8 'महामाया' भिलाई इस्पात संयंत्र के हॉट मेटल उत्पादन में अत्याधुनिक तकनीक, सुव्यवस्थित परिचालन, प्रभावी रखरखाव तथा सुरक्षित कार्य संस्कृति के बल पर विभाग लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नए उत्पादन मानदंड स्थापित कर रहा है। प्रबंधन ने कहा कि यह कीर्तिमान टीम वर्क के प्रयासस से स्थापित हुआ है।

## पावर प्लांट ऑपरेशन में सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में पावर प्लांट ऑपरेशन में सुरक्षा विषय पर तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) में किया गया। सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग (एसईडी) द्वारा नेशनल सेफ्टी काउंसिल (एनएससी), मुंबई के सहयोग से आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन (पीबीएस) एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया है। उद्घाटन सत्र में मुख्य महाप्रबंधक देवदत्त सतपथी तथा महाप्रबंधक पी कृष्णमोहन उपस्थित थे। श्री देवदत्त सतपथी ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों के साथ सक्रिय संवाद स्थापित करने, प्रश्न पूछने तथा अपने व्यावहारिक अनुभव साझा कर अधिकतम लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया। कृष्णमोहन ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को अपने दैनिक कार्यों में अपनाकर विभाग में मजबूत सुरक्षा संस्कृति विकसित करने का आग्रह किया।

## नालियों की सफाई तेज, जलभराव रोकने निगम की विशेष मुहिम

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त के निर्देशानुसार शहर में मानसून पूर्व से नालियों की व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के उद्देश्य से सभी जोनों में स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीमें लगातार मैदानी स्तर पर कार्य कर रही हैं। अभियान के तहत नालियों में जमा झिल्ली, पन्नी, घास-फूस, प्लास्टिक एवं अन्य कचरे को हटाकर पानी के सुचारु बहाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। सफाई कार्य में आवश्यक संसाधनों एवं कर्मचारियों की तैनाती कर नालियों को पूरी तरह साफ किया जा रहा है।

### आयुक्त पांडेय की विदाई समारोह में कर्मचारियो ने कहा

# विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आयुक्त की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय का स्थानांतरण अपर आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, नवा रायपुर के पद पर होने पर निगम परिवार द्वारा एक भव्य एवं भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया

अधिकारियों के विशेष आग्रह और स्नेहपूर्ण निवेदन पर निगम आयुक्त अपने सपरिवार एवं बच्चों के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विदाई समारोह के दौरान पूरा माहौल काफी भावुक नजर आया। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने निगम आयुक्त के कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों, उनके कुशल मार्गदर्शन और सौम्य व्यवहार को याद किया। कार्यक्रम के दौरान सभी वक्ताओं ने उनके उच्च व्यक्तित्व, कुशल प्रशासन, कार्य के प्रति समर्पण, बेहतर कार्यशैली एवं तत्काल निर्णय लेने की क्षमता सहित कई खूबियों को याद किये ।



निगम आयुक्त सभी अधिकारियों के विशेष कार्यों को याद करते हुए कहा कि सभी बेहतर कार्य करते हैं। जो भी बड़ी परियोजना संचालित है उसे ज़िम्मेदारी से निर्वहन करते हुए पूर्ण करने की जिम्मेदारी दिये हैं जिससे संपूर्ण शहर वासियों को आने वाले समय में लाभ मिले । निगम आयुक्त प्रधानमंत्री आवास योजना, निर्माणाधीन स्विमिंग पूल, नालंदा परिसर, हॉर्स राइडिंग, स्केटिंग ट्रैक, रेलवे किनारे बायपास रोड जैसे अन्य बड़ी परियोजना को याद किये। उन्होंने कार्य के दौरान जनप्रतिनिधियों, शहरवासियों एवं अधिकारी व कर्मचारियों के साथ अनजाने में गलती के लिए खेद प्रकट किया।

इस अवसर पर भिलाई निगम के तमाम वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, उपायुक्त डी के कोसरिया, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, येशा लहरे, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, संजय वर्मा, अनिल सिंह, नितेश मेश्राम, लेखाधिकारी चन्द्रभूषण साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, राजस्व अधिकारी जे पी तिवारी, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, श्वेता माहेश्वर, चंद्रकांत साहू, बसंत साहू, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के के सिंह, अनिल मेश्राम, दौलत चंद्राकार, शंकर सुवन मरकाम, पुरुषोत्तम सिन्हा एवं अशोक देवांगन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। सभी ने निगम आयुक्त को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य और नवीन दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 13 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02



एक साथ 3 गुरुभगवंतों का चातुर्मास...

लाइव इवेंट

## सहकारिता से हर वर्ग को मिल रहा लाभ, शुरू होगी सहकार टैक्सी और बीमा सेवा



**भिलाई।** शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन सीए भवन सिविक सेंटर में हुआ। यहां दो दिन तक सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण पर व्याख्यान और डेमो हुए। जिसमें नर्सिंग फैकल्टी और स्टूडेंट ने बड़ी तादाद में भागीदारी दी। विद्यांता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ने नर्सिंग कॉलेज दुर्ग के सहयोग से इंटरनेशनल नर्सिंग एसोसिएशन फॉर क्लिनिकल सिमुलेशन फॉर लर्निंग-इंडिया आरआईजी की यह दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की थी।

कार्यशाला का समापन सत्र बाद आयोजित किया गया। इस दौरान अतिथियों के स्वागत उपरांत अपना स्वागत भाषण देते शासकीय नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. रीमा राजेश ने दो दिवसीय आयोजन की विस्तार से जानकारी दी और उम्मीद जताई कि यहां सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण से नर्सिंग फैकल्टी और स्टूडेंट को बहुत कुछ सीखने मिलेगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन का स्वागत शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग परिवार की ओर से किया गया। इस दौरान अपने उद्बोधन में विधायक रिकेश सेन ने नर्सिंग के पेशे के महत्व पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि समाज में व्यक्ति जिन पर सबसे ज्यादा भरोसा करता है उनमें नर्स सर्वोपरि है क्योंकि यह पेशा पूरी तरह सेवा भावना पर आधारित है। इस दौरान उन्होंने सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण की जानकारी ली तथा डेमो भी देखा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस तकनीक का इस्तेमाल नर्सिंग स्टूडेंट बेहतर ढंग से कर पाएंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग भिलाई की प्राचार्य डॉक्टर रोजा प्रिंसी और श्रेया कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डॉक्टर अभिषेक जेकब ने अपने उद्बोधन में पूरी कार्यशाला को एक सार्थक पहल बताते हुए कहा कि यहां के प्रशिक्षण का लाभ नर्सेस को भविष्य में जरूर मिलेगा। आयोजन में सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण की विशेषज्ञ सानिया का शॉल एवं श्रीफल के साथ सम्मान किया गया। समापन सत्र का संचालन सहायक प्राध्यापक एस. इंदु ने किया। अंत में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. वंदना चौहान ने आभार व्यक्त किया।



लाइव इवेंट

## मदनवाड़ा के अमर शहीद रजनीकांत सिंह को नमन, 17वीं पुण्यतिथि पर रिसाली पहुंचे डीजीपी अरुण देव



**भिलाई।** नक्सल हिंसा के सबसे चर्चित मदनवाड़ा हमले में शहीद हुए बहादुर जवान रजनीकांत सिंह की 17वीं पुण्यतिथि पर रविवार को रिसाली स्थित उनके स्मारक स्थल पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। प्रेम संगवारी बहुउद्देशीय सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक डीजीपी अरुण देव गौतम ने विशेष रूप से शामिल होकर शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### शहीद के बलिदान को किया याद, पुलिस अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि समारोह में डीजीपी अरुण देव गौतम के साथ दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, नेवई थाना प्रभारी अनिल साहू सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने शहीद रजनीकांत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

### 2009 के मदनवाड़ा हमले की यादें हुईं ताजा

कार्यक्रम के दौरान प्रेम संगवारी बहुउद्देशीय सेवा समिति के संयोजक विष्णु पाठक ने डीजीपी को 12 जुलाई 2009 को राजनांदगांव जिले के मदनवाड़ा में हुए नक्सली हमले की याद दिलाई। उन्होंने उस भीषण घटना का उल्लेख करते हुए शहीद जवानों के बलिदान को हमेशा याद रखने का संदेश दिया।



महाप्रभु हुए स्वस्थ, पुरी से गुंडिचा मंडप के छत्र का चांदुआ और गजानन व स्वर्ण वेश

# महाप्रभु के सिंहासन के ऊपर लगेगा विश्वप्रसिद्ध पिपीली का चांदुआ, कल खोलेंगे नेत्र, नवयौवन रूप में भक्तों के देंगे दर्शन

भिलाई। **महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा की तैयारी अंतिम चरण में है। ट्विनसिटी उत्कल समाज के सभी मंदिरों में 14 जुलाई यानी कल नेत्रोत्सव मनाया जाएगा,** जिसकी विशेष तैयारियां की जा रही हैं। 16 जुलाई को सभी उत्कल मंदिरों से भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। रथ पर महाप्रभु जगन्नाथ के साथ बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र विराजमान होंगे। रथयात्रा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करेगी। इसके लिए सभी मंदिरों में रथों की तैयार अंतिम चरण पर हैं। इस बार सेक्टर 4 जगन्नाथ मंदिर में रथ व गुंडिचा मंडप के शीर्ष पर लगने वाला छत्र चांदुआ जगन्नाथ पुरी के पिपिली गांव से मंगाया गया है जो गुंडिचा मंडप व रथ की शोभा बढ़ाने के साथ ही भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहेगा।



### काढ़ा और गर्म पानी पी रहे महाप्रभु

ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा पर स्नान के बाद बीमार हुए महाप्रभु के बेहतर इलाज करने जगन्नाथ मंदिर में वैद्य रोज महाप्रभु की नाड़ी देख रहे हैं और औषधियां और गर्म पानी दे रहे हैं। उन्हें औषधीय काढ़े, दशमूलारिष्ठ, खाने में अंकुरित मूंग, सलाद और खिचड़ी दी जा रही है। महाप्रभु के सेवादारों के अनुसार इससे भगवान के स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। कल महाप्रभु पूरी तरह से स्वस्थ हो जाएंगे और नेत्र खोलेंगे। इसी खुशी में मंगलवार की शाम को नेत्रोत्सव का पर्व मनाया जाएगा और 16 जुलाई को तीनों भाई-बहन नगर भ्रमण करने रथयात्रा पर निकलेंगे।

### पुरी के पीपीली गांव से आया चंदुआ और गजानन व स्वर्ण वेष

पुरी के पीपली गांव से रथ व गुंडिचा मंडप के छत पर कारीगरों दवरा विशेष नक्काशी से बना हुए चंदुआ इस बार सेक्टर 4 के रथ और सेक्टर 10 गुंडिचा मंडप की शोभा बढ़ाएगा। सेक्टर 4 के मंदिर के महासचिव सत्यवान नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार उड़ीसा में बनने वाला विश्वप्रसिद्ध विशेष नक्काशी पिपिली से बना चांदुआ मंगाया गया है, साथ ही गजानन और स्वर्ण वेश भी नया रहेगा।

### 12वीं सदी की प्रसिद्ध पिपिली की कला

रथयात्रा के लिए विश्वप्रसिद्ध पिपीली गांव के कारीगर छतरियों और पंखों की कढ़ाई करते हैं, यहां से तैयार कर पिपिली नक्काशी से बना चांदुआ सभी स्थानों में भेजा जाता है। रथों को प्रसिद्ध पिपिली की कढ़ाई वालों कपड़ों से सजाया जाता है। पुरी जिले के गांव पिपिली में कई घरों में पुरुष और महिलाएं कपड़े पर पिपिली नक्काशी का काम कर हाथ से कढ़ाई कर सजाते हैं। मान्यतानुसार पिपिली नक्काशी एक शिल्प है, जिसकी शुरूआत 12वीं शताब्दी में की गई थी। कारीगर कपड़े की विशाल छतरियां बनाते हैं जो रथ को ढकती हैं जिसमें भगवान पुरी से गुंडिचा की यात्रा करते हैं।

लकड़ी के रथ के छत्रों पर प्रकृति और धर्मग्रंथों की आकृतियां बड़ी मेहनत से लगाई जाती है और कढ़ाई की जाती हैं, रथ को छतरियों, पंखों और अन्य सामानों को भी इसी से ढका जाता है। वार्षिक रथ यात्रा के दौरान, कारीगर तीन लकड़ी के रथों और रथों पर देवताओं को रंगीन के कपड़े, छतरियों और अन्य वस्तुओं से सजाते हैं, पिछले कुछ वर्षों में, पिपिली कढ़ाई ने तकिए, हाथ के पंखे, बैग, छतरियां, लैंप शेड आदि को सजाया है।

### रस्सी के साथ रथ को कंट्रोल करने किया मोडिफाई

शहर में जगन्नाथ यात्रा की इस वर्ष 16 जुलाई को धूम रहेगी। महाप्रभु के रथ की तैयारी अंतिम चरणों में है। सेक्टर 4 श्री जगन्नाथ मंदिर के रथ की भक्तों के इनोवेशन का नायाब नमूना है। रस्सी से खींचे जाने वाले इस रथ में बकायदा स्टेरिंग जैसे एक पार्ट भी बनाया हुआ है, जिसे हाथ और पैर के सहारे उपयोग किया जाता है। इस रथ को बीएसपी से रिटायर्ड कर्मी वृंदावन स्वाई व निरंजन महाराणा ने तैयार किया है। बचपन से ही इस मंदिर से जुड़े वृंदावन बताते हैं कि पहले लकड़ी का रथ हुआ करता था, लेकिन अब इसे मोडिफाई कर दिया गया है। इतना ही नहीं रथयात्रा पूरी होने के बाद इस रथ के पूर्जे-पूर्जे अलग हो जाते हैं और एक छोटे से कमरे में सहेज कर रख दिए जाते हैं। इस रथ के निर्माण में वृंदावन स्वाईं, निरंजन महाराणा, कबि बिस्वाल, बी सी बिस्वाल, रवि स्वाईं, प्रकाश स्वाईं, रवि महाकुड़ व जगन्नाथ पटनायक सहयोग कर रहे हैं।

## सहकारिता से हर वर्ग को मिल रहा लाभ शुरू होगी सहकार टैक्सी और बीमा सेवा

**भिलाई।** सहकारिता को जन आंदोलन बनाने के उद्देश्य से सहकार भारती भिलाई-दुर्ग द्वारा सेक्टर-2, वार्ड 40 में सहकार सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता के विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई और केंद्र सरकार की नई पहलों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सहकार सेवकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सहकारिता के प्रति प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम की शुरुआत सहकार भारती के संस्थापक स्वर्गीय लक्ष्मण राव ईनामदार के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम का संचालन राकेश शुक्ला ने किया। उन्होंने सहकार सप्ताह के उद्देश्य और सहकार भारती के कार्यों पर प्रकाश डाला। मुख्य



अतिथि शंकर लाल देवांगन ने कहा कि केंद्र सरकार ने सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए अलग से सहकारिता मंत्रालय बनाया। इसे 5 वर्ष पूरे हो गए हैं। सहकारिता अब सिर्फ कृषि तक सीमित नहीं रही, बल्कि रोजगार और सेवा से भी जुड़ गई है। श्री देवांगन ने बताया कि सरकार सहकार टैक्सी सेवा और अब सहकार जीवन बीमा जैसी नई योजनाएं भी शुरू करने जा रही है। विशिष्ट अतिथि टी आर कनौजे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने सहकारिता के सिद्धांतों, इतिहास और वर्तमान में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सहकारिता आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ है। कार्यक्रम में सहकार भारती दुर्ग संभाग के संयोजक दीपक मिश्रा सहित रमेश शर्मा, गजानंद बंछोर, मिथिला खीचारिया, परवीन बानो, दिनेश मिश्रा, ऊषा राव, ज्योति सोनी, शेख जहीरुद्दीन, अर्पणा यादव सहित सभी सहकार सेवक उपस्थित रहे।

## माता की चौकी में देर रात तक सुमधुर भजनों में डूबे भक्त





**भिलाई।** सुपेला इंदिरा नगर वार्ड 16 स्थित मां शीतला मंदिर समिति द्वारा जुड़वास के दौरान क्षेत्र को संक्रमण से बचाने माता शीतला की प्रथम वर्ष की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, वहीं दूसरे दिन माता की चौकी का आयोजन किया गया। इस दौरान बाहर से आए भजन गायकों ने एक से बढ़कर सुमधुर भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर नगर निगम भिलाई के पार्षद लक्ष्मीपति राजू, भोजराम सिन्हा, एस बाला राजू और सतेन्द्र यादव सहित कई वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

दो दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन माता की चौकी और जागरण का आयोजन मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। 8 बजे से शुरु होकर देर रात तक चले इस कार्यक्रम में राजनांदगांव के अभी कौशिक, सुनील देवघर और भिलाई कृष्णा नगर के मंगल वर्मा की टीम ने माता के भजनों और जसगीतों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। भजनों पर बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे देर रात तक माता के गुणगान करते रहे। आयोजन में अनिल सोनकर, भूषण साव, एस बाला राजू, राजेंद्र गुप्ता, विष्णु चौहान, मंगल सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य दिन-रात जुटे रहे। सुरक्षा, स्वच्छता और भक्तों की व्यवस्था को लेकर समिति ने पुख्ता इंतजाम किए थे।

सेक्टर-7 पार्षद कार्यालय में शिवधाम सेवा समिति की प्रथम बैठक संपन्न, 600 महिलाओं ने संभाली आयोजन की जिम्मेदारी

## सावन के दूसरे सोमवार 10 अगस्त को होगा शिवधाम में महारुद्राभिषेक, 1111 दीपों से महाआरती और भंडारा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सावन मास के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले भव्य महारुद्राभिषेक, महाभंडारा एवं महाआरती की तैयारियों को लेकर रविवार को सेक्टर-7, सड़क-18 स्थित पार्षद कार्यालय में शिवधाम सेवा समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्ड की लगभग 600 महिलाओं और युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा आयोजन को सफल बनाने के अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष सावन के द्वितीय सोमवार, 10 अगस्त को शिवधाम में भव्य महारुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 7 बजे महारुद्राभिषेक, 11 बजे महाभंडारा तथा सायं 6 बजे भव्य महाआरती आयोजित होगी। आयोजन में लगभग 25 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण करने का अनुमान है। बैठक में बताया गया कि शिवधाम सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित इस धार्मिक आयोजन में वार्ड की लगभग 550 से 600 महिलाएं और युवतियां एक ही रंग की साड़ी में पूरे दिन निःस्वार्थ भाव से सेवा कार्य में जुटी रहती हैं। भोजन व्यवस्था, प्रसाद वितरण, श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन,



स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं का संचालन सेवा भावना के साथ किया जाता है।

आयोजन की तैयारियों के क्रम में 31 जुलाई को माता पार्वती के श्रृंगार के लिए प्रथम साड़ी अर्पित की जाएगी, जबकि 2 अगस्त को सेवा कार्य में सहभागी होने वाली माताओं एवं बहनों को साड़ियों का वितरण किया जाएगा।

### 1111 दीपों से शिवधाम में मनाया जाएगा दीपोत्सव

इस वर्ष आयोजन की विशेष आकर्षण 1111 दीपों से शिवधाम तालाब का दीपोत्सव रहेगा। दीपों की भव्य श्रृंखला से संपूर्ण शिवधाम आध्यात्मिक एवं दिव्य वातावरण से आलोकित होगा। बैठक के दौरान आयोजन के दिन संभावित भीड़ एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सेवा समिति के सभी सदस्यों एवं माताओं-बहनों को टीम भावना के साथ कार्य करने, आपसी समन्वय बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने तथा श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों की जिम्मेदारियां भी निर्धारित की गईं। आयोजन के संरक्षक एमआईसी भिलाई निगम के लक्ष्मीपति राजू हैं। उनके मार्गदर्शन में शिवधाम सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष यह धार्मिक आयोजन श्रद्धा, सेवा एवं सामाजिक सहभागिता के साथ संपन्न कराया जाता है। शिवधाम सेवा समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा महाभंडारे में प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।



**सिटी इवेंट**

## विद्यार्थियों ने दिया छोटा परिवार सुखी परिवार का संदेश



**भिलाई।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 के अंतर्गत कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में



जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जनसंख्या नियंत्रण, परिवार नियोजन और छोटे परिवार के महत्व पर विद्यार्थियों एवं नागरिकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू थे। अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य निशा जैन ने की। विशेष अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद फिरोज फारूखी, श्रीमती प्रेमलता चंद्राकर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रितीका साहू, गीता वर्मा तथा बीईटीओ सैय्यद असलम उपस्थित थे। इस अवसर पर कक्षा 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों के बीच निबंध लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता और संगोष्ठी आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं ने बढ़ती जनसंख्या से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अन्य क्षेत्रों में उत्पन्न चुनौतियों पर अपने विचार रखे। स्वास्थ्य विभाग ने परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों की जानकारी भी दी। मुख्य अतिथि सतीश साहू ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या के कारण बेरोजगारी, संसाधनों पर दबाव और बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था करना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि छोटा परिवार, सुखी परिवार की अवधारणा से शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के बेहतर अवसर सुनिश्चित किए जा सकते हैं। बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि 18 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े के तहत पुरुष नसबंदी और महिला नसबंदी की निशुल्क सुविधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन, झीठ, जिला अस्पताल दुर्ग, लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला तथा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि पारा-मोहल्लों में सास-बहू सम्मेलन और चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर छोटे परिवार के लाभ तथा पुरुष नसबंदी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया जाएगा। प्राचार्य निशा जैन ने कहा कि समृद्ध और शिक्षित समाज के निर्माण के लिए परिवार नियोजन, बच्चों के बीच उचित अंतराल तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक है। संस्था प्रभारी डॉ. प्रितीका साहू ने कहा कि पुत्र की चाह भी जनसंख्या वृद्धि का एक बड़ा कारण है। इस सोच को बदलने की जरूरत है। बेटा-बेटी एक समान हैं और दोनों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अवसरों में समान अधिकार मिलना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में पोस्टर, निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार तथा अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनजागरूकता रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम में आर विश्वास, रूपाली, शमीम बानो, देवेंद्र राजपूत, राहुल यादव, निवेश प्रधान, सतरूपा निर्मलकर, रेखराम साहू, प्रशांत यादव, डुमेश्वर यादव, यशवंत साहू, हिमांशु सूर्यवंशी, दुर्गा कंवर और नारायण साहू सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**सिटी लाइव**

## विद्यालय में भुवनेश्वरी बनी अध्यक्ष, के मोहन राव और रीना चुने गए उपाध्यक्ष



**भिलाई।** सेक्टर-2 स्थित भिलाई विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए पालक शिक्षक समिति का गठन किया गया। कक्षा 9वीं ,10वीं



एवं 11वीं में उच्चतम अंक पाने वाली छात्राओं प्रेरणा देवांगन, के हारिका एवं रिया राजभर के पालकों भुवनेश्वरी देवांगन, के मोहन राव व रीना देवी को विद्यालय द्वारा पालक शिक्षक समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया। सभागार में उपस्थित पालकों में से 3 सदस्यों डॉ.सुधाकर सिंह, प्रदीप मान्डिया, नीतू दुबे का चयन निर्वाचन पद्धति से किया गया। इसके बाद सभी सदस्यों ने मिलकर भुनेश्वरी देवांगन को प्रेसिडेंट तथा के मोहन राव व रीना देवी को वाइस प्रेसिडेंट के रूप में नामित किया। पदेन सचिव विजय सिंह पवार प्राचार्य, कोषाध्यक्ष सरिता शाक्या, सहसचिव देवेन्द्र कुमार साहू, शिक्षक सदस्य पंच राम साहू, सतीश मिश्रा एवं सजिता राजेश चुने गए।

इससे पहले संगीत शिक्षक सतीश मिश्रा और शैलेन्द्र भोई के मार्ग दर्शन में छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। समिति की कोषाध्यक्ष सरिता कुमारी शाक्या ने गत वर्ष के आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। प्राचार्य विजय सिंह पवार ने गतवर्ष की उपलब्धियों का पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुति दी, उन्होंने ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के तीन स्तंभों पालक- बालक- शिक्षक की आवश्यकता बताते हुए पालक शिक्षक समिति के सदस्यों से सहयोग की अपील की।

कार्यक्रम का संचालन सजिता राजेश एवं धन्यवाद ज्ञापन देवेन्द्र कुमार साहू के द्वारा प्रेषित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य विजय सिंह पवार, वरिष्ठ व्याख्याता सरिता कुमारी शाक्या, देवेन्द्र कुमार साहू, पवन कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार पुरेना, पंच राम साहू, वंदना सोनवाने, सुनीता अनिल, संगीता मिश्रा, गोवर्धन साहू, राजेश साहू, एस. एन. साहू, रजनी रजक, एस. के खोब्रागडे, एस. के. साहू, एमएम राव, विशाखा पांडे, भावना, फातेहीन मोईन, पूर्णिमा शर्मा, वाई मनीषा, प्रतिमा, मनीषा वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के पालक उपस्थित थे।

**धर्म नगरी दुर्ग में गूंजेगी जिनवाणी, मनीष मुनि पहले से विराजमान**

# एक साथ 3 गुरुभगवंतों का चातुर्मास, प्रणत मुनि का नगर प्रवेश, 15 को जिनचंद्रसूरिश्वर का मंगल प्रवेश

**दुर्ग।** चातुर्मास से पहले ही धर्म नगरी दुर्ग आध्यात्मिक ऊर्जा से गूंज उठी है। यहां एक साथ गुरुभगवंतों का चातुर्मास होने जा रहा है। शनिवार को दीक्षा उपरांत प्रथम बार नगर में पधारे प्रणत मुनि जी म.सा. का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। वहीं 15 जुलाई को नूतन आचार्य भगवंत जिनचंद्रसूरिश्वर महाराज साहेब अपने 7 साधु भगवंतों के साथ चातुर्मसि के लिए पधार रहे हैं। शासन दीपक मनीष मुनि जी म.सा. पहले से ही यहां विराजमान हैं। तीन-तीन गुरुभगवंतों की उपस्थिति से दुर्ग का कण-कण धर्ममय हो गया है।

### दीक्षा के बाद पहली बार दुर्ग आए प्रणत मुनि, सकल समाज ने की आगवानी

जवरीलाल कमलादेवी के सुपोत्र और प्रवीण नीता श्रीमाल के सुपुत्र प्रणत मुनि के नगर प्रवेश पर दुर्ग में आध्यात्मिक माहौल बन गया। ऋषभ ग्रीन सिटी से वर्धमान जैन स्थानक भवन, गवली पारा तक निकली भव्य प्रवेश यात्रा में सकल जैन समाज के सभी वर्गों और संप्रदायों ने एकजुट होकर सहभागिता की। धर्मध्वजा, जयघोष और गुरु भक्ति से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। इस मंगल अवसर पर ओसवाल पंचायत के सभी पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। साधुमार्गी जैन संघ दुर्ग, ओसवाल पंचायत, श्रमण संघ परिवार, सुधर्म परिवार, समरथ परिवार, मूर्तिपूजक संघ, तेरापंथ समाज, शांत क्रांति संघ, जय गच्छ, समता युवा संघ, समता महिला एवं बालिका मंडल, श्रीश्रीमाल परिवार सहित सकल जैन समाज की उपस्थिति ने सामाजिक एकता और धार्मिक समरसता का उदाहरण पेश किया। साधुमार्गी जैन संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सांखला और मंत्री ज्ञानचंद पारख ने मंगल प्रवेश में पधारे अतिथियों का आभार व्यक्त किया।





### 15 जुलाई को होगा आचार्य जिनचंद्रसूरिश्वर का मंगल प्रवेश

धर्म, तप, त्याग और संयम की पुण्यधरा दुर्ग एक बार फिर आलोकित होने जा रही है। जिनवाणी के ध्वजवाहक, तप के भंडार पूज्य नूतन आचार्य भगवंत जिनचंद्रसूरिश्वर महाराज साहेब अपने साथ आदि 7 साधु भगवंतों सहित वर्ष 2026 के चातुर्मास के लिए दुर्ग पधार रहे हैं। उनका भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश 15 जुलाई को सुबह 8.15 बजे होगा। सदर जैन मंदिर दुर्ग से प्रारंभ होकर नवकार भवन, ऋषभ नगर दुर्ग तक _एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में समाज के सभी वर्ग शामिल होंगे। धर्मध्वज, बैंड, भक्ति संगीत, जयघोष, महिलाएं मंगल कलश के साथ, युवा और बालक-बालिकाएं पारंपरिक वेशभूषा में गुरु भगवंत की अगवानी करेंगे। नगर भर में विशेष स्वागत द्वार, तोरण, रंगोली और धार्मिक सजावट की जा रही है।

### 4 महीने तक धर्म, तप और संस्कार का संगम

चातुर्मास जैन परंपरा का अत्यंत महत्वपूर्ण आध्यात्मिक पर्व है। वर्षा ऋतु के 4 महीनों में साधु-संत एक स्थान पर विराजमान होकर धर्म प्रभावना, प्रवचन, स्वाध्याय, तप और आत्मकल्याण का संदेश देते हैं।चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन धर्मसभा, प्रवचन, नवकार मंत्र आराधना, सामायिक, प्रतिक्रमण, स्वाध्याय, तप, उपवास, आयंबिल होंगे। साथ ही धार्मिक संस्कार शिविर, युवक-युवती और महिला मंडल के विशेष कार्यक्रम, बाल संस्कार गतिविधियां भी होंगी।पूज्य आचार्य भगवंत अपने प्रेरणादायी प्रवचनों से अहिंसा, सत्य, संयम, सदाचार, आत्मशुद्धि, पारिवारिक संस्कार, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और मानवीय मूल्यों पर मार्गदर्शन देंगे।

### हजारों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद, समितियों का गठन

श्री आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट दुर्ग और शासन स्पर्श वर्षावास समिति दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक महोत्सव को लेकर समाज में उत्साह है। आयोजन समिति ने बताया कि इस ऐतिहासिक मंगल प्रवेश में दुर्ग, भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा और आसपास के नगरों से हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। शोभायात्रा को गरिमामय और अनुशासित बनाने के लिए यातायात, स्वागत, पेयजल, चिकित्सा, सुरक्षा, प्रसाद वितरण और स्वयंसेवक जैसी समितियों का गठन किया गया है। समिति ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से परिवार सहित समय पर उपस्थित होकर गुरुदेव के दर्शन-वंदन और मंगल प्रवचन का लाभ लेने का आग्रह किया है।

**अभा अग्रवाल सम्मेलन की प्रदेश इकाई का गठन**

## शपथ ग्रहण में मृत्यु भोज और प्री वेडिंग शूट सहित सभी कुरीतियों पर प्रतिबंध लगाने पर जोर

दुर्ग। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की छत्तीसगढ़ इकाई की नवीन कार्यकारिणी गठन हुआ, जिसमें रामावतार अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए गए। नई कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण समारोह में अपने-अपने पदों की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर समाज में मृत्यु भोज और प्री वेडिंग शूट सहित सभी कुरीतियों पर पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने पर जोर दिया गया।

नवगठित कार्यकारिणी में दुर्ग जिले को विशेष प्रतिनिधित्व दिया गया, जिसमें अग्रवाल समाज दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल को प्रदेश के कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। प्रमुख संरक्षक विजय अग्रवाल संजय रुंगटा, संरक्षक कमल नारायण रुंगटा, घनश्याम अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, गौरी शंकर अग्रवाल, सलाहकार के रूप में कैलाश रुंगटा और राजेश अग्रवाल, जिला अध्यक्ष ललित सेक्सरिया और जिला महामंत्री प्रहलाद रुंगटा नियुक्त किये गये। प्रदेश उपाध्यक्ष मुरारी अग्रवाल विमल राजगढ़िया, प्रदेश मंत्री प्रकाश खेतान, दिनेश अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गिरीश अग्रवाल, शरद गर्ग, सतीश अग्रवाल, विनीत खेतान, नियुक्त किए गए। डॉ रूही अग्रवाल राष्ट्रीय महामंत्री महिला




प्रकोष्ठ नियुक्त की गई। सभी का शपथ ग्रहण समारोह रायपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में देशभर से आए सैकड़ो प्रतिनिधि पदाधिकारी और समाज के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। प्रदेश की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने सभी पदाधिकारी को शपथ दिलाई।



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे I कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। डॉ रमन सिंह ने कहा की दुनिया में सबसे बड़ा कोई सेवक है तो वह अग्रवाल समाज है। इस समाज ने देश को स्कूल कॉलेज और हॉस्पिटल दिए हैं। सनातन धर्म का सच्चा ध्वज वाहक अग्रवाल समाज ही है। कार्यक्रम में सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में मृत्यु भोज एवं प्री वेडिंग शूट सहित सभी कुरीतियों पर पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाएगा। प्रदेश के प्रमुख संरक्षक विजय अग्रवाल संजय रुंगटा एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने कहा कि समाज सेवा संगठन विस्तार सामाजिक समरसता का संकल्प लेकर पूरे प्रदेश में प्रभावी संदेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 5 वर्षों के लिए गठित इस कार्यकारिणी में युवा और महिला प्रतिनिधित्व को विशेष स्थान दिया गया है।

**अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग**

## स्वर्ण के बाद कांस्य भी, प्रियांक का विश्व मंच पर शानदार प्रदर्शन



**भिलाई।** दक्षिण अफ्रीका में 4 से 12 जुलाई तक आयोजित विश्व स्तरीय एशिया-पेसिफिक अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी प्रियांक मिश्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए एक और पदक जीत लिया है। 11 जुलाई



को आयोजित क्लासिक पावरलिफ्टिंग स्पर्धा के 93 किलोग्राम भार वर्ग में प्रियांक मिश्रा ने कुल 525 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले 7 जुलाई को इसी प्रतियोगिता की इक्विप्ड कैटेगरी में उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया था। प्रियांक मिश्रा की यह पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है, जिसमें उन्होंने दो पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस उपलब्धि पर प्रियांक ने अपने कोच आसिफ अली, भारतीय टीम के कोच कृष्णा साहू, अभ्यास के दौरान सहयोग करने वाले साथी खिलाड़ियों तथा पावरलिफ्टिंग इंडिया के अध्यक्ष सतीश कुमार कुदरीली और महासचिव पीजे जोसफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक जी सुरेश, इंद्रजीत सिंह छोटू, अध्यक्ष कैलाश जैन बरमेचा सहित सभी पदाधिकारियों, आर्थिक सहयोग देने वाले सहयोगियों और छत्तीसगढ़ शासन को भी धन्यवाद दिया।

**केंद्रीय विद्यालय में छात्र परिषद् एवं हाउस कैबिनेट का गठन**

## अलंकरण समारोह में विद्यार्थियों को सौंपे गए विभिन्न दायित्व, अनुशासन, नेतृत्व व उच्च आदर्शों का दिया संदेश

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** केंद्रीय विद्यालय, दुर्ग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यालय छात्र परिषद् एवं विभिन्न हाउसों की छात्र कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं को विभिन्न दायित्व सौंपकर उन्हें नेतृत्व, अनुशासन, सेवा-भाव, उत्तरदायित्व और टीमवर्क की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य पुष्पा बड़ा ने छात्र-प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र परिषद् केवल पद प्राप्ति का अवसर नहीं, बल्कि व्यक्तित्व-विकास, नेतृत्व क्षमता, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और आदर्श आचरण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने दायित्वों का निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए विद्यालय की गरिमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर संजय चतुर्वेदी, संजीव भदौरिया तथा महेंद्र कुमार बोरकर सहित शिक्षकों ने भी नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सहयोग, सेवा-भाव और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।





**वैभव और हर्षी को हाउस स्पोर्ट्र्स वाइस कैप्टन बनाया :** अशोका हाउस में आयुष खिलाडी एवं आयुषी सिंह को हाउस कैप्टन, वैभव यादव एवं अन्वेषा गुप्ता को हाउस वाइस कैप्टन, बबलू महालिक एवं खुशी साहू को हाउस सीसीए कैप्टन, पलाश एवं प्रिया कश्यप को हाउस सीसीए वाइस कैप्टन, दीकेश साहू एवं गरिमा ठाकुर को हाउस स्पोर्ट्र्स कैप्टन तथा वैभव यादव एवं हर्षी देशमुख को हाउस स्पोर्ट्र्स वाइस कैप्टन नियुक्त किया गया है। रमन हाउस में आयान खान एवं विजयलक्ष्मी सिंह को हाउस कैप्टन, विनीत महानंद एवं वृतिका वर्मा को हाउस वाइस कैप्टन, गोविंद यादव एवं कृतिका बरे को हाउस सीसीए कैप्टन, सत्यानारायण साहू एवं आर. जयश्री को हाउस सीसीए वाइस कैप्टन, चंदन बनजारे एवं महक निषाद को हाउस स्पोर्ट्र्स कैप्टन तथा शुक्लाम्बर यादव एवं अब्रिआन्ना पॉल को हाउस स्पोर्ट्र्स वाइस कैप्टन का दायित्व सौंपा गया है।

### मोहित और ऋतिमा बने स्कूल कैप्टन

विद्यालय स्तर पर मोहित सिंह एवं ऋतिमा महाला को स्कूल कैप्टन, चिरंतन साहू एवं अदिति उपाध्याय को स्कूल वाइस कैप्टन, आरुष कमल एवं शृष्टि साहू को सीसीए कैप्टन, तृषिर दुबे एवं काशीश अंबाडे को सीसीए वाइस कैप्टन, वासुदेव उमरे एवं तान्या शर्मा को स्पोर्ट्र्स कैप्टन, ससमित साहू एवं मान्नत साहू को स्पोर्ट्र्स वाइस कैप्टन, पीयूष कुमार साहू एवं अन्वी मिश्रा को पब्लिकेशन कैप्टन, हुकुम सिंह एवं वैष्णवी देशमुख को पब्लिकेशन वाइस कैप्टन तथा लक्ष्य यादव एवं अनन्या दुबे को डिसिप्लिन कैप्टन का दायित्व सौंपा गया। छात्र परिषद् के संचालन के लिए गठित समिति में संजय चतुर्वेदी, संजीव भदौरिया, महेंद्र कुमार बोरकर, तोषण लाल साहू, पुरुषोत्तम साहू, रामाशीष चौहान, उषा शर्मा, बिंदु शिवराजन, सुरेश कुमार एवं राजेश कुमार को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। शिवाजी हाउस में युगांश पटेल एवं दीक्षा ठाकुर को हाउस कैप्टन, प्रथम कुमार यादव एवं सोनम सिंह को हाउस वाइस कैप्टन, वेदांत यादव एवं डिम्पल बघेल को हाउस सीसीए कैप्टन, दिव्यांश कुमार साहू एवं अनुष्का यादव को हाउस सीसीए वाइस कैप्टन, हर्ष कुमार यादव एवं दृष्टि सिदार को हाउस स्पोर्ट्र्स कैप्टन तथा दिव्यांश कुमार साहू एवं संध्या प्रसाद को हाउस स्पोर्ट्र्स वाइस कैप्टन नियुक्त किया गया है। टैगोर हाउस में आदित्य एवं तनिषा जैन को हाउस कैप्टन, मयंक एवं अर्चना को हाउस वाइस कैप्टन, तुषार एवं चांदनी को हाउस सीसीए कैप्टन, जिनिन कुमार भेंडी एवं ऐजा अफ्शीन को हाउस सीसीए वाइस कैप्टन, अपूर्व एवं जाह्नवी को हाउस स्पोर्ट्र्स कैप्टन तथा आदित्य प्रताप सिंह एवं साक्षी को हाउस स्पोर्ट्र्स वाइस कैप्टन बनाया गया है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रमंडल खेल के लिए छत्तीसगढ़ की ज्ञानेश्वरी भारतीय टीम में

**रायपुर।** ग्लासगो, यूनाइटेड किंगडम में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 23 जुलाई से 3 अगस्त तक किया जा रहा है। इस विश्वस्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की बेटी देश के बाहर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी। छत्तीसगढ़ की ज्ञानेश्वरी यादव का चयन इस राष्ट्रमंडल खेल के लिए भारतीय टीम में किया गया है। ज्ञानेश्वरी यादव लगातार राष्ट्रीय खेलो में पदक हासिल करती आ रही है। भारतीय भारोत्तोलन टीम का अनुकूलन प्रशिक्षण शिविर 28 जून से 22 जुलाई तक बर्मिंघम, यूनाइटेड किंगडम में जारी है। ज्ञानेश्वरी के चयन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसिएशन, विक्रम सिसोदिया महासचिव छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसिएशन एवं समस्त पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है।




### अंतरराष्ट्रीय रेफरी किरण जूडो चैंपियनशिप जॉर्डन में लेंगी हिस्सा

**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय जूडो रेफरी किरण शर्मा का चयन एशियन कैडेट एंड जूनियर जूडो चैंपियनशिप में रेफरी के रूप में किया गया है। यह प्र ति ष्ठि त प्रतियोगिता 16 से 19 जुलाई तक अम्मान (जॉर्डन) में आयोजित होगी। किरण शर्मा 13 जुलाई को भारत से जॉर्डन के लिए रवाना होंगी। इस प्रतियोगिता में उन्हें रेफरी के रूप में आमंत्रित किया गया है, जहां वे विभिन्न देशों के जुडो खिलाड़ियों के मुकाबलों में निर्णायक के रूप में अपनी सेवाएं देंगी। इससे पूर्व भी किरण अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिताओं में रेफरी के रूप में दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुकी हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष, किरण शर्मा के कोच एवं प्रेरणास्त्रोत अरुण द्विवेदी तथा संघ के महासचिव शंभूराम सोनी ने भी उन्हें इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं है।




### रायपुर संभाग स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में महासमुंद 5वीं बार विजेता



**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 07 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें रायपुर, धमतरी, गरियाबंद एवं महासमुंद जिले की टीम शामिल हुई।

नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में महासमुंद जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा विकासखंड के बालक 17 वर्ष में सागर सेन, सागर चंद्राकर, हर्ष बघेल, देवेश चंद्राकर, टोमेश चंद्राकर, सेवक राम, जय चंद्राकर, खिलेश्वर साहू, अरविंद विश्वकर्मा, देवेंद्र ध्रुव, गणेश्वर, जोहन कोसरे, लीलेश्वर साहू, अनुज यादव, निहाल यादव एवं जीतू ध्रुव शामिल हुए। महासमुंद जिले के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया एवं फाइनल मैच में गरियाबंद को हराकर विजेता बने। मैच में मुख्य रूप से सागर सेन राष्ट्रीय खिलाड़ी, सागर चंद्राकर, हर्ष, देवेश, टोमेश, सेवकराम और अरविंद ने अपने खेल कौशल का अच्छा प्रदर्शन करते हुए टीम को फाइनल तक पहुंचाया एवं फ़ाइनल मैच में गरियाबंद को 3-1 से हराकर जिले को विजेता बनाया। ग्रामीण क्षेत्र बेमचा के बालक 17 वर्ष के खिलाड़ियों ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में लगातार 5वें साल भागीदारी करते हुए फाइनल में जगह बनाई एवं संभाग विजेता बनने के साथ ही शासकीय उ मा वि बेमचा के 16 खिलाड़ी राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाने में सफल रहे हैं।

### राज्य स्तरीय एवं वेस्ट जोन बैडमिंटन स्पर्धा की तैयारी



**रायपुर।** बिलासपुर जिला बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में सीनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के साथ वेस्ट जोन की महत्वपूर्ण स्पर्धा न्यायधानी में आयोजित होगी। प्रतियोगिता की कड़ी में 25 से 29 अगस्त तक राज्य स्तरीय सीनियर प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें लगभग 200 बालक बालिका खिलाड़ी भाग लेंगे। वेस्ट जोन बैडमिंटन में 5 राज्यों क्रमशः गुजरात, गोवा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र एवं मेजबान छत्तीसगढ़ की टीम भाग लेगी. जिसमें लगभग इन राज्यों के 90 खिलाड़ियों के साथ कोच, मैनेजर, रेफरी अंपायर सहित लगभग 150 की संख्या में राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर चुके खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

## सेहतमंद रहना है तो त्रिदोष को बनाना होगा संतुलित

# हमारे शरीर को नियंत्रित करते हैं कफ, पित्त और वात बारिश के मौसम में त्रिदोष का संतुलन है बेहद जरूरी

आयुर्वेद के अनुसार, हमारा शरीर वात, पित्त और कफ इन तीन ऊर्जाओं से मिलकर बना है। ये दोष हमारे शरीर के सभी कामों को नियंत्रित करते हैं, और इनका संतुलन ही हमें स्वस्थ रखता है।

आज की आधुनिक जीवनशैली में हम अक्सर शरीर के भीतरी संतुलन को नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि हमारा प्राचीन भारतीय चिकित्सा विज्ञान 'आयुर्वेद' हमें स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के गहरे रहस्य सिखाता है। आयुर्वेद के अनुसार, हमारा शरीर केवल हड्डियां और मांसपेशियां नहीं, बल्कि तीन मूलभूत जैविक ऊर्जाओं या 'दोषों'- वात, पित्त और कफ से मिलकर बना है।

ये तीनों दोष हमारे शरीर की हर छोटी-बड़ी क्रिया को नियंत्रित करते हैं- चाहे वह सांस लेने की प्रक्रिया हो, भोजन का पाचन हो, या हमारे विचार और भावनाएं हों। प्रत्येक व्यक्ति में इन दोषों का एक अनूठा संतुलन होता है, जो उसकी खास शारीरिक बनावट, मानसिक स्वभाव और यहां तक कि बीमारियों के प्रति संवेदनशीलता को निर्धारित करता है।

आयुर्वेद का मूल सिद्धांत यही है कि जब ये दोष आपस में संतुलित रहते हैं, तो हम पूरी तरह स्वस्थ रहते हैं। लेकिन जैसे ही इस संतुलन में कोई गड़बड़ी आती है, शरीर में बीमारी के लक्षण प्रकट होने लगते हैं।



### वात दोष

वात दोष वायु (हवा) और आकाश (स्थान) तत्वों से मिलकर बना है। यह हमारे शरीर में सभी प्रकार की गति को नियंत्रित करता है, जैसे सांस लेना, रक्त संचार, दिल की धड़कन, मांसपेशियों का हिलना और तंत्रिका तंत्र के संदेश। वात प्रधान लोग आमतौर पर दुबले-पतले, फुर्तीले और रचनात्मक होते हैं।




संतुलित वात होने पर व्यक्ति में उत्साह, तेजी से सोचने की क्षमता और अच्छी ऊर्जा होती है। लेकिन, जब वात असंतुलित होता है, तो व्यक्ति को जोड़ों में दर्द, कब्ज, गैस, त्वचा में सूखापन, अनिद्रा (नींद न आना), चिंता और घबराहट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ठंडा, सूखा या हल्का भोजन, ज्यादा तनाव और अनियमित दिनचर्या वात को बढ़ा सकते हैं।

### पित्त दोष

पित्त दोष अग्नि (आग) और जल (पानी) तत्वों से मिलकर बना है। यह हमारे शरीर में पाचन, चयापचय और सभी प्रकार के परिवर्तन को नियंत्रित करता है। यह भोजन को ऊर्जा में बदलने, बुद्धि और भावनाओं को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पित्त प्रधान लोग अक्सर मध्यम कद-काठी के, तीव्र बुद्धि वाले और दृढ़ निश्चयी होते हैं।

संतुलित पित्त वाले लोग अच्छा पाचन, तेज दिमाग और नेतृत्व क्षमता रखते हैं। लेकिन, पित्त के असंतुलित होने पर एसिडिटी, पेट में जलन, त्वचा पर दाने या मुंहासे, गुस्सा, चिड़चिड़ापन और ज्यादा पसीना आना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। तीखा, खट्टा, बहुत गर्म भोजन और ज्यादा गुस्सा पित्त को बढ़ा सकते हैं।




### कफ दोष

कफ दोष पृथ्वी (मिट्टी) और जल (पानी) तत्वों से मिलकर बना है। यह हमारे शरीर को स्थिरता, संरचना, चिकनाई और प्रतिरक्षा प्रदान करता है। यह जोड़ों को चिकना रखता है, शरीर को शक्ति देता है और कोशिकाओं का विकास करता है। कफ प्रधान लोग आमतौर पर मजबूत और सहनशील होते हैं।

संतुलित कफ होने पर व्यक्ति में स्थिरता, धैर्य, अच्छी नींद और मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है। लेकिन, कफ के असंतुलित होने पर वजन बढ़ना, सुस्ती, आलस, सर्दी-खांसी, बलगम, साइनस की समस्या और डिप्रेशन जैसी परेशानियां हो सकती हैं। मीठा, भारी, तैलीय भोजन, कम शारीरिक गतिविधि और ज़्यादा सोना कफ को बढ़ा सकता है।

आयुर्वेद सिखाता है कि हर व्यक्ति में ये तीनों दोष मौजूद होते हैं। स्वस्थ रहने के लिए इन दोषों को संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है।

## मंदिर जाने का सही समय नियम और मान्यताएं जानें



मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक विकास की चाह में लोग मंदिरों का रुख करते हैं। यहां पहुंचकर भक्त अपने आराध्य देव की पूजा-अर्चना करते हैं, दर्शन करते हैं और प्रसाद, फूल, माला या हवन सामग्री अर्पित करते हैं।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मंदिर जाने का सबसे शुभ समय ब्रह्म मुहूर्त या सूर्योदय का माना गया है। ब्रह्म मुहूर्त प्रातः लगभग 4 बजे से शुरू होता है और इस दौरान वातावरण बेहद शांत और शुद्ध होता है। इस समय मन एकाग्र रहता है और सकारात्मक ऊर्जा का स्तर उच्च होता है। मंदिरों में इसी समय भगवान का अभिषेक, पूजा और मंगला आरती होती है, जिसमें शामिल होने के लिए भक्त सुबह-सुबह पहुंचते हैं। यदि किसी कारणवश ब्रह्म मुहूर्त में जाना संभव न हो, तो सूर्योदय के समय या उसके थोड़ी देर बाद मंदिर जाना भी शुभ माना जाता है।

दोपहर के समय मंदिर जाना उपयुक्त नहीं माना जाता। इस दौरान भगवान के श्रृंगार और भोग की प्रक्रिया होती है, जिसके बाद उन्हें विश्राम दिया जाता है। कई मंदिरों में इस समय कपाट बंद कर दिए जाते हैं, जिससे दर्शन नहीं हो पाते।

अगर सुबह मंदिर नहीं जा पाएं, तो सूर्यास्त के बाद प्रदोष काल में जाना भी अच्छा विकल्प है। इस समय संध्या आरती होती है और पूजा के लिए यह समय भी शुभ माना गया है। हालांकि, देर रात मंदिर जाने से बचना चाहिए, क्योंकि उस समय भगवान के शयन का समय होता है और आरती के बाद मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं।

ग्रहण काल चाहे सूर्य ग्रहण हो या चंद्र ग्रहण, में मंदिर जाना वर्जित माना जाता है, क्योंकि उस समय मंदिर बंद रहते हैं। ग्रहण समाप्त होने के बाद शुद्धिकरण के पश्चात ही दर्शन की अनुमति मिलती है।

## बरसात में कोरियन जायके के साथ बनाएं खास चीला



अगर आप भी को रि य न स्नैक्स ट्राई करना चाहते हैं तो मानसून में हल्का और क्रि स्पी कोरियन स्टाइल पैनकेक परफेक्ट विकल्प है। यह झटपट तैयार हो जाने वाला स्नैक है जो आपको स्ट्रीट फूड का स्वाद देगा।

अगर आप भी कोरियन स्नैक्स ट्राई करना चाहते हैं तो मानसून में हल्का और क्रिस्पी कोरियन स्टाइल पैनकेक परफेक्ट विकल्प है। यह झटपट तैयार हो जाने वाला स्नैक है जो आपको स्ट्रीट फूड का स्वाद देगा। कोरियन पैनकेक को पेजन कहा जाता है, और इसे आप सब्जियों के साथ या बिना भी बना सकते हैं। इसमें खास बात यह है कि यह पैन फ्राय होता है और बहुत कम तेल में क्रिस्पी बनता है।

### कोरियन पैनकेक बनाने की सामग्री

एक कप मैदा, दो चम्मच चावल का आटा,आधा कप बारीक कटी हरी प्याज, बारीक कटा गाजर, शिमला मिर्च पत्ता गोभी,दो कलियां कद्दूकस की हुई लहसुन,नमक,एक चम्मच सोया सॉस, घोल बनाने के लिए एक कप पानी,तलने के लिए रिफाइंड ऑयल, तेल या घी

### कोरियन पैनकेक कैसे बनाते हैं?

एक कटोरे में मैदा, चावल का आटा, नमक और पानी डालकर पतला घोल बनाएं। इसमें सारी कटी सब्ज़ियां, लहसुन और सोया सॉस मिलाएं। एक नॉनस्टिक तवा गरम करें और थोड़ा सा तेल डालें। अब घोल को पैन में डालें और चम्मच से थोड़ा फैला दें, जैसे चीला या डोसा फैलाते हैं। दोनों तरफ से गोल्डन ब्राउन और क्रिस्पी होने तक सेकें। चटनी या हॉट सॉस के साथ गर्मागर्म परोसें।



## आपने भी कम कर दी है भोजन की खुराक तो जान लें नतीजे

अक्सर लोग अपना वजन कम करने के लिए या फिटनेस मेंटेन रखने के लिए अपने भोजन की मात्रा कम कर देते हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ये आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। आइए इस लेख में डॉक्टर से जानते हैं कि आहार में बदलाव करने का सही तरीका क्या है?

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर कोई फिट और स्वस्थ रहना चाहता है, और इसके लिए अक्सर लोग सबसे पहले अपने वजन को कम करने पर ध्यान देते हैं। अब वजन कम करने के लिए लोग तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं। ऐसे में दिमाग में सबसे पहला विचार यही आता है कि क्यों न खाने की मात्रा को एकदम से कम कर दिया जाए। यही सोचकर, बहुत से लोग अपनी डाइट से भोजन की खुराक अचानक घटा देते हैं, यह मानते हुए कि यह वजन घटाने का सबसे तेज तरीका है।

लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि वजन कम करने का यह तरीका, जो दिखने में आसान लगता है, असल में आपकी सेहत के लिए कितना खतरनाक हो सकता है? हेल्थ एक्सपर्ट डॉक्टर मल्हार गाणला जैसे विशेषज्ञ लगातार इस बात पर जोर देते हैं कि भोजन की मात्रा को बेवजह कम करना वजन घटाने का सही तरीका नहीं है, बल्कि इसके कई गंभीर और नुकसानदायक परिणाम हो सकते हैं। आइए इस लेख में हम विस्तार से जानते हैं कि ऐसा करना क्यों घातक है साथ ही ये भी जानेंगे कि वजन को नियंत्रित करने के लिए आहार में किस तरह का बदलाव किया जाना चाहिए।



### पोषक तत्वों की कमी

जब आप अचानक अपनी डाइट से खाने की मात्रा कम कर देते हैं, तो सबसे पहले आपके शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने लगती है। हमारे शरीर को ठीक से काम करने के लिए विटामिन, खनिज, प्रोटीन और फाइबर जैसे कई जरूरी पोषक तत्वों की हर दिन जरूरत होती है।

जब आप सिर्फ कैलोरी कम करने के चक्कर में खाने की मात्रा घटा देते हैं, तो आप जाने-अनजाने में इन जरूरी पोषक तत्वों से भी समझौता कर रहे होते हैं। इससे शरीर को जितना पोषण मिलना चाहिए, उतना नहीं मिल पाता, जिससे कमजोरी, थकान, बीमारियों से लड़ने की क्षमता में कमी और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होने लगती हैं।

### पेट का न भरना और भूख का बार-बार लगना

अचानक भोजन की मात्रा कम करने का दूसरा बड़ा नुकसान यह है कि आपका पेट भरा हुआ महसूस नहीं होता। आयुर्वेद में भी 'सटाइटी रिफ्लेक्स' यानी भूख मिटाने का संकेत, जिसका मतलब है कि जब तक हमारा पेट भरा हुआ महसूस नहीं करता, तब तक हमारे दिमाग को यह संकेत नहीं मिलता कि हमने पर्याप्त खा लिया है। अगर पेट नहीं भरता, तो हमें बार-बार भूख लगती रहती है, जिससे हम बेचैन महसूस करते हैं और कई बार बाद में अधिक मात्रा में खाना खा लेते हैं, जो हमारे वजन कम करने के लक्ष्य को भी फेल कर देता है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए पेट का भरा होना और भूख का शांत होना बहुत जरूरी है।



**कार्नर न्यूज**

## अपनी बच्ची को संवेदनशील बनाइए, साझा कीजिए उससे हर बात

# स्कूल या पब्लिक प्लेस पर आपकी बच्ची के साथ नहीं कर पाएगा कोई बदतमीजी, पहले ही सिखा दें उसे ये अहम बातें

बच्चियों की सुरक्षा के लिए उन्हें सशक्त बनाना जरूरी है। स्कूल जाने या पब्लिक प्लेस पर वीजिट करने से पहले अगर आप अपनी छोटी सी बच्ची को कुछ जरूरी बातें सिखाएंगी, तो वे अपने आप को मजबूत बना सकती हैं। साथ ही, किसी की बदतमीजी से बच भी सकती हैं।

आज के दौर में बच्चियों की सुरक्षा, माता-पिता के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। स्कूल हो या कोई पब्लिक प्लेस, पेरेंट्स के मन में हमेशा यह चलता रहता है कि उनकी बच्ची सुरक्षित और हंसती-खिलखिलाती रहे। ऐसे में, बाहरी खतरों से बचाने का सबसे पहला कदम है उन्हें खुद को सुरक्षित रखने के तरीके सिखाना। इसके लिए आपको सिर्फ बाहरी सुरक्षा उपायों पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है। बच्चियों को सशक्त बनाना इतना जरूरी है कि वे किसी भी गलत स्थिति को पहचान सकें और उससे खुद को बचा सकें। इस लेख में हम आपको उन अहम बातों के बारे में बताएंगे, जो आपको अपनी बच्ची को जरूर सिखाना चाहिए, ताकि कोई भी उसके साथ बदतमीजी न कर पाए।



यह सबसे बुनियादी और महत्वपूर्ण बात है जो हर बच्चे को पता होनी चाहिए। उन्हें बताएं कि शरीर के कुछ हिस्से प्राइवेट होते हैं जिन्हें कोई नहीं छू सकता, सिवाय डॉक्टर या माता-पिता के, वो भी केवल तभी जब बहुत ज़रूरी हो। समझाएं कि अगर कोई उन्हें ऐसे छूता है जिससे उन्हें अजीब, असहज या बुरा महसूस हो, तो वह 'बुरा स्पर्श' है। बताएं कि अगर कोई उन्हें गलत तरीके से छूता है या उन्हें असहज महसूस कराता है, तो उन्हें तुरंत उस जगह से हट जाना चाहिए और जोर से 'नहीं' कहना चाहिए। उन्हें सिखाएं कि ऐसी किसी भी घटना के बारे में आपसे या किसी भरोसेमंद बड़े से तुरंत बात करें, चाहे वह कोई भी हो, परिवार का सदस्य या बाहर का कोई व्यक्ति। उन्हें आश्वासन दें कि आप हमेशा उनकी बात सुनेंगे और उन पर विश्वास करेंगे।

### बेटी को 'नहीं' कहना सिखाएं

बच्चों को अपनी सीमाएं तय करना और 'नहीं' कहना सिखाना बेहद जरूरी है। उन्हें समझाएं कि अगर कोई उन्हें कुछ ऐसा करने को कहता है जो उन्हें पसंद नहीं, या उन्हें असहज महसूस कराता है, तो उन्हें 'नहीं' कहने का पूरा अधिकार है। यह भी सिखाएं कि अगर कोई उनकी बात नहीं सुनता है और जबरदस्ती करता है, तो उन्हें चीखना, चिल्लाना या भागना चाहिए।



उन्हें बताएं कि उनकी भावनाएं महत्वपूर्ण हैं और उन्हें हमेशा अपनी अंतर्ज्ञान पर भरोसा करना चाहिए। अगर उन्हें कोई व्यक्ति या स्थिति ठीक नहीं लगती, तो उन्हें उससे दूर रहना चाहिए।

**अजनबियों से बात न करने और उनसे चीजें न लेने की सीख दें**- यह एक क्लासिक लेकिन हमेशा प्रासंगिक सलाह है। अपनी बच्ची को बताएं कि उन्हें किसी भी अजनबी से बात नहीं करनी चाहिए, खासकर अगर वे अकेले हों। उन्हें सिखाएं कि अजनबी अगर उन्हें कोई कैंडी, खिलौना या कोई और चीज़ देने की कोशिश करें, तो उसे बिल्कुल न लें। समझाएं कि अगर कोई अजनबी उनसे लिफ्ट देने या पता पूछने के बहाने पास आने की कोशिश करे, तो उन्हें तुरंत दूर हट जाना चाहिए और मदद के लिए किसी बड़े को पुकारना चाहिए। उन्हें 'अजनबी' की परिभाषा भी समझाएं कि वह कोई भी हो सकता है जिसे वे नहीं जानते, भले ही वह दोस्ताना लगे।

बच्चों को यह जानना जरूरी है कि अगर वे कभी खतरे में पड़ें या मदद की जरूरत हो, तो वे कहां जाएं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पति-पत्नी के तौर पर पहली बार नजर आए स्विफ्ट और ट्रैविस



टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स ने अपनी शादी की तस्वीरें अभी तक पब्लिक नहीं की हैं। मगर इस नए जोड़े ने फैंस को अपनी शादीशुदा जिंदगी की पहली झलक दिखा दी है। न्यूयॉर्क में शादी करने की खबरों के ठीक एक हफ्ते बाद, इस जोड़े को पहली बार पति-पत्नी के तौर पर एक-साथ देखा गया। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टेलर और ट्रैविस कैलिफोर्निया के ऑरेंज काउंटी में जूजू स्मिथ-शुस्टर और लॉरा क्रुक की शादी में शामिल हुए। दोनों को वेन्यू में हाथ में हाथ डाले चलते हुए देखा गया। एक-साथ वे काफी खुश लग रहे थे। उनमें नए-नए शादीशुदा जोड़े वाली चमक साफ दिख रही थी।

यह तस्वीरें तब सामने आईं, जब ऐसी खबरें थीं कि टेलर और ट्रैविस ने तीन जुलाई को मैडिसन स्क्वायर गार्डन में एक शानदार समारोह में शादी की थी। जूजू और लॉरा की शादी में उनकी मौजूदगी उनकी अपनी शादी के बाद पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति है। इसलिए यह पल उनके फैंस के लिए भी खास बन गया।

टेलर ने इस मौके के लिए एक शानदार स्ट्रैपलेस गाउन चुना। इस पर गुलाबी रंग के फूल बने हैं। वहीं, ट्रैविस ने क्लासिक ग्रे सूट पहना। उन्होंने इसके साथ सफेद शर्ट, मैचिंग टाई, काले लेदर के जूते और डार्क सनग्लासेस पहने थे।

भले ही उनकी हालिया तस्वीरें वायरल हो गई हैं, लेकिन फैंस अभी भी टेलर और ट्रैविस की अपनी शादी की आधिकारिक तस्वीरों का इंतजार कर रहे हैं।

### टॉलीवुड

## 'जन नायकन' को सेंसर बोर्ड से हरी झंडी रौबदार अंदाज में नजर आए थलापति



फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज का रास्ता साफ हो गया है। इस फिल्म को सेंसर बोर्ड से मंजूरी मिल गई है। यह जानकारी खुद विजय ने साझा की है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और अभिनेता विजय की यह फिल्म इस साल की शुरुआत में रिलीज होनी थी, मगर सेंसर बोर्ड में अटके होने की वजह से ऐसा नहीं हो सका। मगर, अब इसकी रिलीज पर मुहर लग गई है।

थलापति विजय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने फिल्म का एक पोस्टर साझा किया है, जिसमें विजय का नया लुक देखा जा रहा है। अंदाज काफी रौबदार है। पोस्टर पर बैकग्राउंड में बड़ा सा 'ए' लिखा है। साथ ही लिखा है, 'सर्टिफाइड' और 'कमिंग सून'। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म को सेंसर बोर्ड से 'ए' सर्टिफिकेट मिला है। जल्द ही इसे रिलीज किया जाएगा।

फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। दरअसल, कनाडा के एक डिस्ट्रीब्यूटर ने इस बात का इशारा दिया है कि यह फिल्म आखिरकार 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। कनाडा के डिस्ट्रीब्यूटर योर्क सिनेमाज ने बीते दिनों एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा था, 'आखिरकार, हमारे अपने थलापति विजय 'जन नायकन' के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। कनाडा में यॉर्क सिनेमाज द्वारा रिलीज। 24 जुलाई से सिनेमाघरों में धूम मचेगी। एक शानदार थिएटर अनुभव के लिए तैयार हो जाइए। टिकटों के लिए जुड़े रहिए।' हालांकि फिल्म के मेकर्स ने अभी तक रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

### भोजपुरी

## हरियाणवी सिंगर-कंपोजर के साथ काम करेंगी अक्षरा, शेयर कीं तस्वीरें




अक्षरा सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन हैं। अभिनय से लेकर सिंगिंग तक, हर क्षेत्र में उनका सिक्का चलता है। अक्षरा अब भोजपुरी सिनेमा से निकलकर दूसरी इंडस्ट्रीज में भी अपनी पहचान बना रही हैं। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के 'घिस घिस घिस' गाने में वे अक्षय कुमार के साथ नजर आईं। उन्हें श्रद्धा कपूर की 'ईठा' में भी देखा जाएगा। इसके अलावा अब वे हरियाणवी सिंगर के साथ कोलैब करेंगी।

भोजपुरी अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने आर्य मासूम शर्मा के साथ अपनी कई तस्वीरें पोस्ट की हैं। तस्वीरों में दोनों हंसते-मुस्कुराते पोज दे रहे हैं। दोनों के बीच शानदार केमिस्ट्री देखी जा सकती है। पोस्ट के साथ अक्षरा सिंह ने कैप्शन लिखा है, 'दो अलग मिट्टी का स्वैग, एक ही वाइब। तैयार हो इस कोलैब के लिए'? अक्षरा सिंह व्हाइट कलर के सूट में नजर आ रही हैं, जिस पर पिंक और ब्लू फ्लॉवर प्रिंट है। वहीं, मासूम शर्मा को डैनिम जींस और टी-शर्ट में देखा जा सकता है।

अक्षरा सिंह के इस पोस्ट पर नेटिजंस उत्साह जाहिर कर रहे हैं। यूजर्स लिख रहे हैं- 'अरे वाह, दो फेवरेट सिंगर्स।' वहीं, एक यूजर ने लिखा, 'हम बहुत उत्साहित हैं और शुभकामनाएं भेज रहे हैं।' एक यूजर ने लिखा है, 'जरूर कुछ बवाल आने वाला है। हरियाणवी के साथ अपना भोजपुरी स्वैग देखने को मिलेगा'। बता दें कि आर्य मासूम शर्मा जिन्हें मासूम शर्मा के नाम से जाना जाता है, वे हरियाणा के मशहूर गायक, गीतकार और संगीतकार हैं।

### लाइफ स्टाइल



## इलास्टिक वेस्टबैंडका फ़ैशन

अब तक, इलास्टिक वेस्टबैंड का इस्तेमाल ज़्यादातर बड़े साइज़ के कपड़ों, पजामों, काम के कपड़ों और बच्चों के कपड़ों में ही होता था। स्पोर्ट्सवियर में भी इलास्टिक वेस्टबैंड को पसंद किया जाता है। अब फ़ैशन की दुनिया ने भी इस ट्रेंड को अपना लिया है और स्ट्रेची वेस्टबैंड वाली 'पुल-ऑन' ट्राउज़र और स्कर्ट्स पेश कर रही है। ये फ़्लाइट, लंबी कार यात्रा या ऑफ़िस के दिनों के लिए एकदम सही हैं।

## फेस शेप के हिसाब से चुनें सनग्लास, निखरेगा चेहरा

सही सनग्लासेज आपके चेहरे के आकार के अनुसार चुना जाना चाहिए। ओवल फेस पर लगभग सभी फ्रेम अच्छे लगते हैं, राउंड फेस पर स्क्वायर या रेक्टैंगुलर फ्रेम, स्क्वायर फेस पर राउंड या एविएटर, हार्ट फेस पर एविएटर या बटरफ्लाई और डायमंड फेस पर कैट आई या ओवर फ्रेम्स सबसे बेहतर माने जाते हैं। सही फ्रेम आपके चेहरे का संतुलन बनाए रखता है और लुक को अधिक स्टाइलिश बनाता है। धूप से आखों की सुरक्षा के साथ ही फैशन और स्टाइल के लिए सनग्लासेज एक अहम एक्सेसरीज है। लेकिन अक्सर लोग केवल ट्रेंड देखकर सनग्लास खरीद लेते हैं। बाद में उन्हें महसूस होता है कि वो सनग्लास तो उनके चेहरे पर उतने अच्छे लग ही नहीं रहे। इससे उनका लुक और पर्सनैलिटी दोनों खराब नजर आती है।

3चश्मा खरीदते समय भी आपको ये ध्यान रखना होता है कि उसके फ्रेम आपके चेहरे पर जंच रहे हैं या नहीं। यहीं पर लोग गलती कर जाते हैं जब वह फेस शेप के अनुसार सही फ्रेम का चुनाव नहीं करते। हर व्यक्ति का चेहरा अलग होता है। किसी का चेहरा ओवल होता है तो किसी का गोल, स्क्वायर, हार्ट शेप या डायमंड शेप का। हर फेस शेप पर एक जैसा फ्रेम



अच्छा नहीं लगता। सही फ्रेम आपके चेहरे की विशेषताओं को उभारता है, संतुलन बनाता है और आपके पूरे लुक को अधिक आकर्षक बना देता है। वहीं गलत फ्रेम आपके चेहरे की बनावट को असंतुलित दिखा सकता है। अगर आप चाहते हैं कि आपका चश्मा सिर्फ फैशनेबल नहीं, बल्कि आपकी पर्सनैलिटी पर भी पूरी तरह सूट करे, तो सबसे पहले अपने चेहरे के आकार यानी फेस शेप की पहचान करें। उसके हिसाब से देखें कि आप पर कैसे सनग्लासेज या फ्रेम अच्छे लगेंगे। आइए जानते हैं कि किस चेहरे पर कौन-सा सनग्लासेज सबसे ज्यादा स्टाइलिश और परफेक्ट दिखाई देता है।

### ओवल फेस वालों के लिए सबसे आसान चुनाव

अगर आपका चेहरा ओवल शेप का है, तो आप सबसे भाग्यशाली माने जाते हैं। क्योंकि इस फेस शेप पर लगभग हर तरह का फ्रेम अच्छा लगता है। वेफेयरर, गोल, ओवरसाइज्ड, स्क्वायर और एविएटर जैसे लगभग सभी सनग्लासेज आपके चेहरे पर आसानी से सूट कर सकते हैं। केवल इतना ध्यान रखें कि फ्रेम आपके चेहरे के अनुपात से बहुत बड़ा या बहुत छोटा न हो।

### गोल चेहरे पर एंगुलर फ्रेम देते हैं स्मार्ट लुक

राउंड फेस में गाल भरे हुए और चेहरे की चौड़ाई व लंबाई लगभग समान होती है। ऐसे चेहरे पर स्क्वायर, रैक्टैन्गुलर और वायफेरर जैसे एंगुलर फ्रेम चेहरे को लंबा और अधिक शार्प दिखाते हैं। बहुत ज्यादा गोल फ्रेम पहनने से चेहरा और भी गोल दिखाई दे सकता है।

## मानसून में साड़ी की कुछ खास डिजाइन जीत लेगी आपका दिल



बारिश का मौसम शुरू हो गया है और ऐसे मौसम में अधिकतर महिलाएं आरामदायक और हलके कपडे पहनना ज्यादा पसंद करती हैं। अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से एक हैं, तो ये खबर आपके लिए खास हो सकती हैं। आज हम आपको इस सीजन में पहनने के लिए कुछ ऐसे साड़ी के कलेक्शन बताएंगे, जिन्हें ट्राई कर आप बला की खूबसूरत लग सकती हैं।



### लाइट पिंक प्योर लिनन साड़ी

अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए और मानसून में आरामदायक लुक पाने के लिए अगर आप भी साड़ी तलाश रही हैं, तो आपके लिए यह लाइट पिंक प्योर लिनन साड़ी बेस्ट हो सकती हैं। ऐसी साड़ी को आप मार्केट जाकर अपने लिए खरीद सकती हैं। या ऑनलाइन भी आर्डर कर सकती हैं। यह साड़ी आपको स्टाइलिश लुक देने के साथ साथ आपको कम्फर्ट लुक देने में भी मदद करेगी।



### लाइट ग्रीन वोवेन लिनन साड़ी

मानसून सीजन में स्टाइल करने के लिए आप लेटेस्ट साड़ी डिजाइन देख रही हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। आप इस खूबसूरत लाइट ग्रीन वोवेन लिनन साड़ी को ट्राई कर सकती हैं और अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। अधिकतर महिलाएं बरसात के मौसम में इस तरह की साड़ी पहनना पसंद करती हैं। ऐसे में आपके लिए ये बेस्ट हो सकती हैं।

### शिबोरी लिनन साड़ी

बारिश के मौसम में उमस होना एक आम बात है, लेकिन ऐसी उमस में रोजाना अलग अलग ऑउटफिट पहनकर ऑफिस या कॉलेज जानें में अधिकतर वर्किंग वीमेन को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में अब आप इस खूबसूरत शिबोरी लिनन साड़ी को भी ट्राई कर सकती हैं।

## इस स्क्रब से आप भी कर सकती हैं डार्क एल्बो को कम, जानें बनाने का तरीका

महिलाएं न सिर्फ अपने चेहरे की खूबसूरती बल्कि हर छोटी-छोटी चीजों का बहुत ध्यान रखती हैं। ऐसे में अधिकतर महिलाएं कोहनी के कालेपन की वजह से काफी परेशान रहती है। अगर आप भी कोहनी पर जमी टैनिंग और गंदगी को कम करना चाहती है, तो ब्यूटी एक्सपर्ट के बताएं कुछ आसान उपाय को आजमा सकती हैं। इन उपाय को कर आप राहत पा सकती हैं।



### टैनिंग रिमूवल स्क्रब

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा के मुताबिक कोहनी पर जमा कालापन शर्मिंदगी का कारण बन सकता है, जिसकी वजह से अधिकतर महिलाएं परेशान रहती हैं। लेकिन अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप घर पर रहकर एक खास स्क्रब तैयार कर इससे छुटकारा पा सकती हैं। स्क्रब बनाने के लिए आपको शहद,ओट्स,चीनी और नींबू का रस जैसी कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी।

कोहनी के कालेपन को कम करने के लिए अगर आप भी घर पर स्क्रब बनाने का सोच रही हैं, तो इसे बनाने के लिए सबसे पहले आप ओट्स को मिक्सर या ब्लेंडर की मदद से पीस लें। ध्यान रहे आपको इन्हें ज्यादा बारीक आते जैसा नहीं करना है। आप इसे दरदरा रखें। अब आप ओट्स को पीसकर एक कंटेनर में इसे निकाल लें, अब इसमें दो बड़े चम्मच शहद, दो चम्मच चीनी और नींबू का रस मिला दे। अब इस पेस्ट को अच्छी तरह फेंट ले। अब आपका स्क्रब बनकर तैयार है, आप इसे कोहनी पर लगाने से पहले अपनी कोहनी को अच्छी तरह पानी से धो लें, उसके बाद इसे लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। इस स्क्रब का आप एक हफ्ते में दो बार इस्तेमाल कर सकती है।

## स्टाइलिश लुक के लिए परफेक्ट हैं खास इयररिंग्स

इयररिंग्स आपके लुक में नई जान डालने का काम करते हैं, और साथ ही, आपके लुक को स्टाइलिश और ब्यूटीफुल भी बनाते हैं। इसलिए आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले इयररिंग्स पर नजर डालनी चाहिए। इस तरह के इयररिंग्स ऑफिस में आपको प्रोफेशनल लुक देने का काम करेंगे, साथ ही, अगर आप इन्हें पार्टी में पहनती हैं, तो ये आपके लुक में चार चांद लगा देंगे।



### पर्ल इयररिंग्स

डार्क कलर के आउटफिट में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह के पर्ल इयररिंग्स पहन सकती हैं। ये इयररिंग्स फ्लावर डिजाइन में हैं और इन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक सुंदर नजर आएगा। ये इयररिंग्स आप किसी पार्टी में शामिल होने के दौरान पहन सकती हैं और ये आपको 200 रुपये तक की कीमत में आसानी से मिल सकते हैं।

### अलॉय डिजाइन इयररिंग्स

पर्ल वर्क में आप इस तरह के अलॉय डिजाइन वाले इयररिंग्स का चुनाव कर सकती हैं। ये इयररिंग्स जहाँ अलॉय डिजाइन में हैं, वहीं ये पर्ल वर्क में भी हैं। इस तरह के इयररिंग्स न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हैं और इन्हें आप लाइट और डार्क कलर के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। ये इयररिंग्स आपको आसानी से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 200 रुपये से 300 रुपयेकी कीमत में मिल सकते हैं।

### क्यूबिक डिजाइन इयररिंग्स

अगर आप ऑफिस में साड़ी या सूट स्टाइल कर रही हैं, तो आप इस तरह के क्यूबिक डिजाइन वाले इयररिंग्स पहन सकती हैं। ये इयररिंग्स न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट हैं और इन्हें आप बाजार या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से सस्ते दाम में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। पार्टी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह के स्टोन वर्क इयररिंग्स का चुनाव कर सकती हैं। ये स्टोन वर्क इयररिंग्स फ्लोरल डिजाइन में हैं।

### कार्नर न्यूज

### आपके लुक को क्लासी टच देंगे कुछ चुनिंदा हेयर स्टाइल

## अपने लुक को बनाना है क्लासी तो इन हेयर स्टाइल से लें इंस्पिरेशन, महफिल की रौनक बन जाएंगी आप

ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए जहां महिलाएं बेस्ट आउटफिट का चुनाव करती हैं, तो वहीं परफेक्ट हेयर स्टाइल भी आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करता है। अगर आप अपने लुक को क्लासी टच देना चाहती हैं, तो आप एक्ट्रेसेस के हेयर स्टाइल से इंस्पिरेशन ले सकती हैं। ये हेयर स्टाइल्स आप किसी पार्टी या किसी खास इवेंट में शामिल होने के दौरान बना सकती हैं। वहीं, इन हेयर स्टाइल्स में आपका लुक बेहद ही अलग और सुंदर नजर आएगा। हम आपको एक्ट्रेसेस के कुछ ऐसे हेयर स्टाइल दिखा रहे हैं, जो आपके लुक को क्लासी और नया लुक देने का काम करेंगे।



### साइड-स्वेप्ट हेयर स्टाइल

साड़ी में क्लासी लुक पाने के लिए आप एक्ट्रेस अनन्या पांडे के हेयर स्टाइल से इंस्पिरेशन ले सकती हैं। एक्ट्रेस ने साइड-स्वेप्ट हेयर स्टाइल बनाया है और इसमें उनका लुक बेहद ही सुंदर और स्टाइलिश नजर आ रहा है। इस तरह के हेयर स्टाइल को बनाने के लिए आप बालों को पीछे की तरफ खींचकर ऊपर करके ओर इकट्ठा करके बांध लें। इसके बाद आगे की तरफ कुछ बालों को वेव या कर्ल करके ब्यूटीफुल लुक पाएं।

### इस तरह बनाएं ये हेयर स्टाइल

सबसे पहले बालों को दाएं या बाएं किसी भी तरफ साइड पार्ट करें।इसके बाद पिन की मदद से अच्छी तरह सेट करें। आगे आए हुए बालों को फ्लैट आयरन की मदद से स्ट्रेट करें।इसके साथ आप हेयर क्लिप या फ्लोरल पिन एक्सेसरीज भी लगा सकती हैं।

### वेवी हेयर स्टाइल

अगर आप किसी इवेंट या पार्टी में शामिल हो रही हैं और इस दौरान साड़ी या ड्रेस पहन रही हैं, तो आप एक्ट्रेस मेधा शंकर की तरह वेवी हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस तरह का हेयर स्टाइल आपके लुक को स्टाइलिश और क्लासी टच देने का काम करेगा और इसे बनाने के बाद आपका लुक सुंदर भी नजर आएगा।

### इस तरह बनाएं ये हेयर स्टाइल

बालों को 3-4 सेक्शन में बांटें और इसके बाद कर्लिंग आयरन की मदद से हल्के कर्ल बनाएं।इसके बाद आप हाथों से हल्के से कर्ल्स को खोल दें। क्लासी लुक के लिए कुछ बेहतरीन हेयरस्टाइल्स में फ्रेंच ट्विस्ट, स्लीक बन, साइड पार्टेड वेव्स, और ब्रेडेड बन शामिल हैं। ये हेयरस्टाइल्स न केवल स्टाइलिश हैं, बल्कि इन्हें बनाना भी अपेक्षाकृत आसान है।

### फ्रेंच ट्विस्ट

यह एक क्लासिक और एलिगेंट हेयरस्टाइल है जो किसी भी अवसर के लिए उपयुक्त है। इसे बनाने के लिए, बालों को एक तरफ करके ट्विस्ट करें और बॉबी पिन से सिक्योर करें।

### स्लीक बन

एक स्लीक बन एक और शानदार विकल्प है। इसे बनाने के लिए, बालों को कंघी करके पीछे की तरफ बांध लें और फिर एक बन बना लें। आप इसे अपनी पसंद के अनुसार हाई या लो बना सकते हैं।

### साइड पार्टेड वेव्स

साइड पार्टेड वेव्स एक फैशनेबल और ट्रेंडी हेयरस्टाइल है। इसे बनाने के लिए, बालों को एक तरफ करके कंघी करें और फिर वेव्स बनाएं।